CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, शनिवार 20 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कोडीन सिरप की तस्करी पर बोले मुख्यमंत्री योगी- सपा से जुड़े होने के प्रारंभिक संकेत पेज 2



गौतम गंभीर को टीम के कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए: कपिल देव खेल टाइम्स




गोवा मुक्ति: भारत की स्वतंत्रता का अंतिम निर्णायक अध्याय सम्पादकीय



ट्रम्प का भारत के साथ सैन्य सहयोग और क्वाड पर जोर पेज 12



रांची : क्रिसमस उत्सव से पहले क्रिसमस कार्निवल के दौरान सेल्फी लेती युवती।

# बांग्लादेश में चीन बना रहा एयरबेस और सबमरीन यार्ड

■ संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा
■ पड़ोसी देश में चीन-पाकिस्तान की बढ़ती पैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

**नई दिल्ली।** संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति ने एक रिपोर्ट पेश की। इसके अनुसार बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है।

साथ ही चीन बांग्लादेश के पेकुआ में 8 पनडुब्बियों का अड्डा भी बना रहा है। बांग्लादेश की नौसेना के पास अभी 2 पनडुब्बी हैं। बांग्लादेश ने इसी साल मार्च में चीन के साथ एमओयू किया है। इसके तहत मोंगला पोर्ट का 370 मिलियन डॉलर से विस्तार होगा। भारत ने बांग्लादेश के डीजीएमओ से लालमोनिरहाट पर पूछा तो सफाई आई कि इस हवाई पट्टी का सैन्य उपयोग नहीं करेंगे। कमेटी को गैर सरकारी विशेषज्ञों ने बताया कि 1971 के बाद से भारत बांग्लादेश में सबसे बड़ी सामरिक चुनौती का सामना कर रहा है। लालमोनिरहाट



एयरबेस भारत की उत्तरी सीमा से 15 किलोमीटर दूर है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसकी जद में आता है, जिसे संवेदनशील चिकननेक इलाके के रूप में जानते हैं। सिलीगुड़ी से बांग्लादेश वायुसेना के एयरबेस की दूरी करीब 70 किमी है। चीन की यहां मजबूत मौजूदगी गंभीर सामरिक सवाल खड़े करती है। भूटान और भारत के बीच के चीनी इलाके को देखते हुए भी इस एयरबेस का सामरिक महत्व बढ़ जाता है। कमेटी का कहना है कि बांग्लादेश में ऐसे देशों के पांव मजबूत होना भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, जो हमारे मित्र नहीं। विदेश मंत्रालय ने समिति को आश्वस्त किया कि स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। राजनीतिक स्तर पर बांग्लादेश का हाथ थामते हुए चीन ने बांग्लादेश की जमात- ए-इस्लामी पार्टी को अपने यहां आमंत्रित किया और बांग्लादेश के राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपने संबंध मजबूत करने के इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। कमेटी की रिपोर्ट में सामने आया है कि चीन बांग्लादेश से होते हुए अपनी वस्तुएं भारतीय बाजार में खपा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोस व रास की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जिसके साथ ही संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न हो गया। एक दिसम्बर से शुरू हुए इस सत्र के दौरान कुल 15 बैठकें हुईं और इसमें मनरेगा का स्थान लेने वाले विकसित भारत जी राम जी विधेयक तथा परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के उदारीकरण से संबंधित शांति विधेयक सहित आठ विधेयक पारित किए गए। सत्र में चुनाव सुधारों और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में दो विशेष चर्चाएं भी हुईं। हालांकि सहमति बनने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण की विकराल स्थिति पर चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा ने दो विधेयकों 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' और 'प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025' को विस्तृत अध्ययन के लिए संयुक्त समिति को भेज दिया। मानसून सत्र की तुलना में शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में कम व्यवधान हुआ और दोनों सदनों में कामकाज अच्छा रहा।

### महुआ मोइत्रा के विरुद्ध CBI नहीं करेगी चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवम्बर को दी गई थी। जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा कि हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है।

### तेलंगाना में 41 माओवादियों ने सरेंडर किया

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के 41 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। इनमें 6 वरिष्ठ कैडर (कंपनी प्लाटून और डिविजनल कमेटी स्तर) शामिल हैं। यह जानकारी डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी ने दी। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने हिंसा छोड़ने का ऐलान किया और पुलिस को 24 हथियार सौंपे। पुलिस के मुताबिक नक्सली नेतृत्व से नाराज थे।

# बांग्लादेश में बिगड़े हालात

## शेख हसीना के विरोधी नेता की मौत के बाद हिंसा, दो न्यूज चैनल्स फूंके

## हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या पेड़ पर लटकाकर जलाया

**ढाका/नई दिल्ली, वार्ता**

**बांग्लादेश में** शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला।

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते दिख रहे हैं। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके



■ भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा उप- सलाहकार पंकज सरन बोले: बांग्लादेश-भारत को भड़काऊ कार्रवाइयों और बयानों से बचना चाहिए

अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। हादी का शव शुक्रवार शाम को सिंगापुर से ढाका पहुंच गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसम्बर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा कड़ी की गई

**नई दिल्ली।** प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की तरफ से टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में हादी की मृत्यु की पुष्टि के बाद बांग्लादेश में तनाव फैल गया, जिसके चलते गुरुवार रात को व्यापक प्रदर्शन, हमले और तोड़फोड़ हुई। अधिकारी ने कहा कि हमने गुरुवार रात को बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# महिला वकील के उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

शीर्ष अदालत ने केंद्र, उप्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर तलब किया

संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए

**नई दिल्ली।** नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। हालांकि अदालत ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवी से जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के लिए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए। महिला वकील ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 3 दिसम्बर की रात, जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। इस दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और मानसिक दबाव डाला गया। याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है।



# कफ सिरप मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इन्कार

■ एफआईआर को खत्म करने की मांग वाली अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज की

**प्रयागराज।** प्रदेश के चर्चित कफ सिरप मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग वाली अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल समेत 40 आरोपियों ने गिरफ्तारी से रोक लगाने और एफआईआर रद्द करने मांग को लेकर अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों की अर्जी खारिज कर दी। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। कोडीनयुक्त कफ सिरप कांड की जांच में यूपी एसटीएफ ने सहारनपुर से दो अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में 25 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल का पूरा नेटवर्क सामने आया है। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि दोनों विशाल और विभोर राणा के लिए काम करते थे।

### लश्कर आतंकी की मदद करने के आरोप में अदालत ने दो को माना दोषी

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने जम्मू-कश्मीर के दो निवासियों को 2016 में पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर- ए-तैयबा के आतंकियों को सहायता देने के आरोप में दोषी पाया है। ये आतंकी देश भर में हमले करने के इरादे से भारत में घुसे थे। जहूर अहमद पीर और नजीर अहमद पीर को आतंकियों को ठिकाना देने और उनकी मदद करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी पाया गया है।

# मनरेगा की वापसी के लिए बनाएंगे राष्ट्रव्यापी मोर्चा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उसने संसदीय परंपराओं को ध्वस्त कर मनरेगा की जगह लेने वाला 'वीबी जी राम जी' विधेयक संसद में जबरदस्ती पारित कर करोड़ों लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरा है इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकार के इस कदम के खिलाफ लड़ेगी और राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाएगी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि ग्रामीण भारत की उम्मीदों



को खत्म करने वाली सरकार की इस योजना को कामयाब नहीं होने देंगे और जिन लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश हुई है उनके साथ खड़े होकर सरकार पर मनरेगा की वापसी करने के लिए दबाव बनाएंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि गुरुवार रात, मोदी सरकार ने एक ही दिन में बीस साल की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को ध्वस्त कर दिया। वीबी-जी राम जी का कोई 'पुनर्गठन' नहीं किया गया है। यह पूरी तरह अधिकार आधारित, मांग- प्रेरित गारंटी को खत्म करता है, जो इसे दिल्ली से नियंत्रित एक सामान्य योजना में बदल देता है।

### यूपी के आठ जिलों के स्कूल बंद, बिहार में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** देश के आधे से ज्यादा राज्य इस समय कड़ाके की सर्दी के साथ भीषण कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में शुक्रवार को घने कोहरे का असर सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली में कोहरे के कारण 150 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा रहा। बरेली, कानपुर, कासगंज समेत 8 जिलों में 20 दिसम्बर तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लखनऊ समेत 10 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से कर दी गई है।

# विपक्षी दलों ने 'जी राम जी' विधेयक के विरोध में आधी रात को दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी जी-राम-जी) विधेयक '2025 पारित होने के विरोध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों के सांसदों ने पुराने संसद भवन की सीढ़ियों पर गुरुवार की आधी रात को 12 घंटे का रात्रिकालीन धरना शुरू किया।

राज्यसभा में आधी रात को यह विधेयक पारित होने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। सदन की कार्यवाही 18 और 19 दिसम्बर की मध्यरात्रि में स्थगित होने के बाद शुरू हुआ यह धरना शुक्रवार को भी



जारी। विपक्षी सांसद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त किए जाने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि नया 'जी राम जी' कानून मूल अधिनियम के अधिकार संरचना को नष्ट करता है। विरोध प्रदर्शन कर रहे तृणमूल सांसदों ने सरकार पर महात्मा गांधी की विरासत का अपमान करने का आरोप लगाया, क्योंकि सरकार ने उनका नाम प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना से हटा दिया है और कहा कि सरकार ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के मूल्यों की अनदेखी की। पूरी रात तीखे संदेश के साथ पोस्ट और नारे दिखाई और सुनाई देते रहे जिसमें लिखा था कि मनरेगा को वैसे मत मारो जैसे तुमने गांधीजी को मारा था। जी राम जी विधेयक, 2025, दो दशक पुरानी मनरेगा योजना को प्रतिस्थापित करने वाला विधेयक है। सरकार का दावा है कि नया विधेयक एक आधुनिक सुधार है जो गारंटीकृत रोजगार को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करता है जबकि विपक्ष ने इस पर कई आपत्तियां व्यक्त की हैं।

# दिल्ली में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब, दृश्यता 50 मीटर से कम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब होने के कारण दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शहर भर के हवाई अड्डों पर बहुत घना कोहरा छा गया है, सफदरजंग में दृश्यता शून्य और पालम में 50 मीटर रह गई है। आईएमडी ने शुक्रवार सुबह 5:30 बजे अगले दो से तीन घंटों के लिए दिल्ली के सभी जिलों में बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना व्यक्त की थी।

### घने कोहरे के कारण दिल्ली में 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण शुक्रवार को 150 से ज्यादा उड़ाने अब तक रद्द हो गई हैं। दिल्ली में बीती देर रात से ही घना कोहरा छा गया था। रात करीब 9:00 के बाद से दृश्यता कम हो गई थी और आधी रात के बाद से कैट 3 की प्रक्रिया के तहत उड़ानों का संचालन हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा मुक्ति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गोवा मुक्ति दिवस हमें हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय की याद दिलाता है। हम उन लोगों के अदम्य साहस को याद करते हैं जिन्होंने अन्याय को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे कहा कि उनके बलिदान हमें गोवा की चौतरफा प्रगति की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन का नाम लोक भवन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने उन स्वतंत्रता सेनानियों और गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने औपनिवेशिक शासन का विरोध किया और ऑपरेशन विजय के माध्यम से 19 दिसम्बर 1961 को गोवा को आजादी दिलाई और 450 से अधिक वर्षों के पुर्तगाली प्रभुत्व को समाप्त किया।

### कांग्रेस ने प्रदूषण पर चर्चा नहीं होने देने के आरोप का किया खंडन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र को प्रदूषण सत्र करार देते हुए कहा है कि प्रदूषण पर चर्चा नहीं होने देने का आरोप गलत है और पार्टी इस आरोप का पूरी तरह से खंडन करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का विपक्ष पर प्रदूषण के मुद्दे पर संसद में चर्चा नहीं कराने का आरोप बेबुनियाद और एकदम गलत है। कांग्रेस ही चाहती थी कि इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण के कारण जीना दूभर हो गया है।

# उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 24 तक चलेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया, जो 24 दिसम्बर तक चलेगा। सत्र के दौरान 22 दिसम्बर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन 'वंदे मातरम' विषय पर पांच घंटे की विशेष चर्चा भी प्रस्तावित है।

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। 22 दिसम्बर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा और 'वंदे मातरम' पर विशेष चर्चा होगी। 23 और 24 दिसम्बर को विधायी कार्य एवं अन्य चर्चाएं संपन्न कराई जाएंगी। शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधान भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। उन्होंने सभी



■ 22 दिसम्बर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा

राजनीतिक दलों से सत्र के सुचारु संचालन में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पिछले सत्र में कई महत्वपूर्ण और जनोपयोगी विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई थी। तार्किक, तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण बहस के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान संभव है। मुख्यमंत्री एवं नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधानसभा जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सत्र में सभी महत्वपूर्ण मुद्दों और विधेयकों पर सार्थक चर्चा होगी तथा सरकार प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक उत्तर देने का प्रयास करेगी। साथ ही सदस्यों के सुझावों के आधार पर समाधान निकालने पर भी जोर दिया जाएगा।

### फिर उठी चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री और उसके उपयोग से हो रही जनहानि को लेकर एक बार फिर गंभीर चिता जताई गई है। विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक और दिनेश कुमार गोयल ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सदस्यों ने इसे जनहित और लोक महत्व का विषय बताते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की है। शुक्रवार को विधान परिषद में सदस्यों ने कहा कि मकर संक्रांति के आसपास पतंग उड़ाने की परंपरा के चलते चाइनीज मांझे की मांग बढ़ जाती है। हालांकि प्रदेश में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध है, फिर भी यह धड़ल्ले से बाजारों में उपलब्ध रहता है। चाइनीज मांझा सामान्य मांझे की तुलना में कहीं अधिक धारदार और मजबूत होता है, जो आसानी से नहीं टूटता और कई बार इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की मौत का कारण बनता है।

### विस में सपा विधायक सुधाकर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया गया। सदन ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सपा के माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सुधाकर सिंह एक लोकप्रिय और कार्यकुशल जनप्रतिनिधि थे।

# मनरेगा खत्म होने का सीधा असर कमजोरों पर होगा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा को खत्म कर सरकार ने संसद में जिस वीबी जी राम जी विधेयक को जबरदस्ती पारित कराया है उसका पहला और सीधा असर गरीब, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों पर होगा और इसका दूसरा असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस विधेयक से जहां समाज के कमजोर वर्गों के लोगों का हक मारा जाएगा वहीं राज्यों की आर्थिक स्थिति पर इसका गहरा असर पड़ेगा। इस विधेयक में 60 प्रतिशत केंद्र का पैसा होगा जबकि 40 प्रतिशत

■ राज्यों की वित्तीय स्थिति बिगड़ेगी: कांग्रेस

राज्यों का रहेगा। हिमालई राज्यों के लिए 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र से जारी किया जाएगा। रमेश ने कहा कि वीबी जीरामजी जन विरोधी कानून है और इसका सीधा असर समाज के हर कमजोर तबके पर पड़ेगा इसलिए कांग्रेस इसके खिलाफ अभियान शुरू करेगी और यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। जिन लोगों पर इस कानून का असर होना तय है उनके साथ कांग्रेस इस जन विरोधी कानून के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति की 27 दिसम्बर को बैठक होने वाली है और उसमें व्यापक रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# मतदाता सूची का निष्पक्ष होना लोकतंत्र की बुनियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि वोटर लिस्ट का शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही, भेदभाव या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराएं। सुश्री मायावती ने शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन की मजबूती और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को लेकर अहम निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में पार्टी



■ बसपा पदाधिकारी प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखें

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों और आर्थिक मजबूती से जुड़े निर्देशों की समीक्षा की गई। मायावती ने स्पष्ट किया कि संगठन की ताकत और अनुशासन ही बसपा की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में चुनावों के दौरान सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होते हैं।


## कोडीन सिरप की तस्करी पर बोले मुख्यमंत्री

# सपा से जुड़े होने के मिले प्रारंभिक संकेत: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस संबंध में गलत तरीके से तस्करी के पुख्ता सबूत सामने आए हैं, जिसके बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में बड़े स्तर पर गिरफ्तारियां भी की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके संबंध समाजवादी पार्टी से हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा। योगी ने कहा कि इस बारे में तभी कुछ कहा जाएगा, जब जांच पूरी हो जाएगी। जांच पूरी होने दीजिए,



■ सरकार ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की है और बड़े स्तर पर गिरफ्तारियां भी की गई है, अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद सामने आएगा

दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर अपराधी के संबंध सपा से होते हैं। समाजवादी पार्टी बार-बार वही गलती करती है। धूल चेहरे पर होती है और साफ आईने को किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर करोड़ों रुपये के कोडीन-युक्त कफ सिरप की अवैध आपूर्ति में संलिप्त लोगों को बचाने का आरोप लगाया था। यादव ने सपा विधायकों की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के आने वाले सत्र में उठाए जाने वाले कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें कथित कोडीन और कफ सिरप रैकेट एक बड़ी चिता का विषय था।

### जब खुद फंस जाओ, तो दूसरे पर इल्जाम लगाओ, ये खेल बहुत पुराना है: अखिलेश



**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों के हाथ होने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब खुद फंस जाओ तो दूसरे पर इल्जाम लगाओ। ये खेल बहुत पुराना है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश से लेकर देश के अन्य राज्यों तक फैले हजारों करोड़ के इस अवैध कारोबार को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। भाजपा सरकार में इसी तरह से अन्य कई अवैध कारोबार हो रहे है। जिलों-जिलों में भूमाफिया सरकारी और गरीबों की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है।

### काकोरी कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि शहीदों की विरासत लोगों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प देती रहेगी। योगी ने एक्स पर लिखा ष भारत के स्वाभिमान की अमर गूंज 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के नायक पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के सम्मान और स्वतंत्रता की लौ को प्रज्वलित रखने हेतु आप सभी ने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।



सेंसेक्स 84929.36
निफ्टी 25966.40



सोना रु. 132394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200336
प्रति किलो




# रुपये की मजबूती से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

रुपये में जारी तेजी से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक (0.53 प्रतिशत) चढ़कर 84,929.36 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। भारी उतार-चढ़ाव के बीच रुपया आज 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाजार में चौतरफा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.91 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.36 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सभी सेक्टर हरे निशान में रहे। रसायन, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा लिवाली रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का



शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। पावरग्रिड में भी करीब सवा दो प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, ट्रेंट, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

### अल्ट्राटेक सीमेंट को 6.58 करोड़ रुपये के कर नोटिस

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित देनदारी, ब्याज और जुर्माने समेत कुल 6-58 करोड़ रुपये के दो कर नोटिस मिले हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि दोनों नोटिस 18 दिसम्बर को मिले हैं। एक नोटिस केंद्रीय जीएसटी के उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयुक्त आयुक्त कार्यालय से मिला है। इसमें 72, 62,390 रुपये के जीएसटी, 86,22,535 रुपये के ब्याज और 1,49,41,110 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह राशि कुल 3,08,26,035 रुपये है। इसमें कंपनी पर अयोग्य होने के बावजूद इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने और उन वेंडरों के नाम पर आईटीसी के दावे का आरोप है, जिनके पंजीकरण पहले ही रद्द कर दिए गए थे। दूसरा नोटिस केंद्रीय जीएसटी के पश्चिम बंगाल स्थित भोलापुर के संयुक्त आयुक्त से प्राप्त हुआ है। इसमें 1,74,64, 611 करोड़ रुपये के कर और इतनी ही राशि के ब्याज तथा जुर्माने की मांग की गई है।

## चांदी 2 लाख के ऊपर बरकरार, सोने की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को मामूली गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 80 रुपए घटकर 1,32,394 हो गई है।वहीं चांदी के दाम आज 784 रुपए घटकर 2,00,336 प्रति किलो पर आ गए हैं।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हालमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कम्र सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# पीजीटी-टीजीटी परीक्षा के साथ-साथ 24 हजार शिक्षक भर्तियां चुनौती

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग पिछले 2 सालों में एक भी नम्र भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका, जिससे प्रतियोगी अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी और असंतोष है। पीजीटी-टीजीटी की परीक्षा भी बार-बार टल रही हैं, इसके अलावा 24 हजार नई शिक्षक भर्तियां भी प्रस्तावित हैं। प्रशांत कुमार के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं।

यूपी के पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति से लाखों अभ्यर्थियों में एक बार फिर उम्मीद जगी है। आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती कम्र सालों से लंबित शिक्षक भर्तियों को समय से और पारदर्शी तरीके से पूरा करना है। बीते दो सालों में आयोग एक भी नई



भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका, जिससे प्रतियोगी अभ्यलृथयों में भारी नाराजगी और असंतोष है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन 1 अगस्त 2023 को किया गया था। आयोग के गठन के साथ ही उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड जैसे पुराने निकायों का इसमें विलय कर दिया गया। उद्देश्य था कि प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के साथ-साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की भर्ती एकीकृत, पारदर्शी और तेज प्रक्रिया के तहत हो सके। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से संबंधित पीजीटी और टीजीटी भर्तियां भी अभ्यर्थियों के लिए सबसे बड़ी पीड़ा बनी हुई हैं। जून 2022 में पीजीटी के 624 और टीजीटी के 3539 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे, इनमें साढ़े चार लाख और लगभग साढ़े आठ लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इन परीक्षाओं की तिथियां चार-चार बार घोषित की गईं, लेकिन हर बार परीक्षाएं स्थगित होती रहीं। वर्तमान में दोनों ही भर्तियां आवेदन स्तर पर ही अटकी हुई हैं। इसके अलावा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) भी तय समय पर नहीं हो सकी है। जनवरी में परीक्षा कराने की घोषणा के बावजूद अब तक विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। इससे प्रतियोगियों का आक्रोश और आंदोलन लगातार बढ़ रहा है। आयोग आने वाले समय में 24 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती की बड़ी जिम्मेदारी भी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बांग्लादेश में...**

था। 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। वहीं बांग्लादेश में भारतीय मिशनों पर भीड़ के हमलों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा उप-सलाहकार पंकज सरन ने दोनों देशों को सलाह दी है कि वे आपसी रिश्तों में किसी भी ताकत को दखलअंदाजी न करने दें और भड़काऊ बयानों तथा कार्रवाइयों से बचें। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे श्री सरन ने एक विशेष साक्षात्कार में चेतावनी दी कि भड़काऊ कार्रवाइयां और बयान केवल माहौल को खराब करने का काम करते हैं। उनका इशारा बांग्लादेश के विभिन्न छात्र नेताओं द्वारा दिए गए उन बयानों की ओर था जो भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार स्थिति पर करीबी नजर रखेगी, ताकि बांग्लादेश में तैनात भारतीय उच्चायोग या भारतीय राजनयिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। बांग्लादेश में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक व्यापक हिंसा देखने को मिली, जब भीड़ ने ढाका और कई अन्य शहरों में उत्पात मचाया। यह हिंसा सिंगापुर के एक अस्पताल में इंकलाब मंच आंदोलन के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद भड़की। इस अशांति ने देश की आंतरिक सुरक्षा, प्रेस की स्वतंत्रता और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## शिल्पा शेट्टी ने धोखाधड़ी की जांच को 'बेबुनियाद प्रयास' बताया

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कथित 60 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में चल रही जांच पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। अभिनेत्री स्पष्ट किया कि संबंधित कंपनी के साथ उनका जुड़ाव सीमित था और वह किसी भी तरह की संचालन संबंधी भूमिका में शामिल नहीं थीं। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस मामले से मेरा नाम जोड़ने की निराधार कोशिश से मैं बेहद आहत हूं। कंपनी के साथ मेरा जुड़ाव पूरी तरह गैर-कार्यकारी स्तर तक सीमित था और उसके संचालन, वित्त, निर्णय-प्रक्रिया या किसी भी प्रकार के हस्ताक्षर अधिकार में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। वास्तव में, अन्य कई सार्वजनिक हस्तियों की तरह मैंने होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ उत्पादों का पेशेवर तौर पर प्रचार किया था, जिसके बदले मुझे किया जाना वाला भुगतान अब भी लंबित है। सुश्री शेट्टी ने यह भी कहा कि मैं रिकॉर्ड पर यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हमारे परिवार की ओर से कंपनी को लगभग 20 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था, जो अब तक वापस नहीं किया गया है। लगभग नौ वर्षों की बिना किसी स्पष्ट वजह की देरी के बाद मुझ पर आपराधिक जिम्मेदारी थोपने की शरारतपूर्ण कोशिश कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

# उत्तर प्रदेश में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में रेड ऑरेंज अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में शुक्रवार को घने से बहुत घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले दो से तीन दिनों तक शीत से लेकर भीषण शीत दिवस की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के लखनऊ स्थित केंद्र के अनुसार निचले वायुमंडल में इनवर्जन लेयर बनने, पश्चिमी व इससे सटे मध्य भारत में एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन और उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय ट्रॉपिकल वेस्टरली जेट स्ट्रीम के प्रभाव से कोहरा और अधिक घना हो गया है। इन कारणों से बीते 48 घंटों से दिन में भी कोहरा बना हुआ

■ अगले दो से तीन दिन तक भीषण शीत लहर की चेतावनी तापमान में गिरावट दर्ज की गई

है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एमडी दानिश ने बताया कि मौजूदा हालात कम से कम 20 दिसम्बर तक बने रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में शीत से भीषण शीत दिवस की स्थिति देखने को मिल सकती है। आगरा, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर और कुशीनगर के वायुसेना स्टेशनों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। अलीगढ़ में दृश्यता करीब 40 मीटर रही, जबकि बलिया, बहराइच और हरदोई में लगभग शून्य दृश्यता दर्ज की गई। मुरादाबाद, अयोध्या, वाराणसी, बस्ती और आजमगढ़ में भी घना कोहरा छाया रहा। लखनऊ एयरपोर्ट पर मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जहां दृश्यता करीब 200 मीटर रही। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया और कुशीनगर जिलों में भीषण कोहरे की स्थिति बन सकती है। वहीं कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, बरेली, आगरा और मेरठ सहित पश्चिमी व मध्य यूपी के कई हिस्सों में घना कोहरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि कम दृश्यता के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है। लोगों को वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने और यात्रा से पहले समय-सारिणी की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

# अगले दो दिन घने कोहरे के कारण सभी डीएम-एसपी को निर्देश जारी

**लखनऊ।** राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर याशोद ने नागरिकों से अपील की है कि अगले तो से तीन दिन घना कोहरा होगा। इसलिए जरूरी हो तभी यात्रा करें।

उन्होंने इस संदर्भ में सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नरों व एसएसपी को निर्देश जारी किए हैं कि कोहरे एवं शीतलहर से आमजन के बाचाव एवं सड़क सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने मौसम विभाग से जारी होने वाली चेतावनी को लेकर नागरिकों को जागरूक करने की भी अपील जिलाधिकारियों से की है। साथ ही कहा है कि गरीबों को शीतलहर से बचाव के लिए रैन बसेरों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराम्र जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय से

■ आमजन के बचाव के इंतजाम किए जाएं

लगातार इसकी निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में तेजी से मौसम बदल रहा है। बीते दिन तीनों से कोहरे का कहर देखने को मिल रहा है। ऊपरी क्षोभ मंडल में उत्तर भारत से होकर गुजर रही उष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम के प्रभाव से ऐसा घना कोहरा छाया कि काशी समेत पूरा पूर्वांचल उसमें समा गया। दिन का अधिकतम तापमान लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया और बनारस प्रदेश का सबसे ठंडा शहर बन गया। बनारस शिमला, शिलांग, मनाली से भी सर्द रहा और देश का 10वां सबसे ठंडा शहर की श्रेणी में आ गया।

# दिल्ली की बेटियों ने स्वीडन में बढ़ाया देश का मान




**नई दिल्ली।** स्वीडन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दिल्ली की होनहार खिलाड़ी किरन सिंह ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि अंजलि सिंह ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर देश और दिल्ली का नाम रोशन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में आयोजित अधिकार मंच ख्र दिल्ली स्टार अवॉर्ड 2025 समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों एवं उनके कोच तेजवीर सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता एवं फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान किरन सिंह और अंजलि सिंह को ट्रॉफी प्रदान की गई तथा 120000 (एक लाख बीस हजार रुपये) की नकद सम्मान राशि देकर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया। गौरतलब है कि दोनों खिलाड़ी टीएम.ए.ए. आई. वुशु अकादमी डीवी पब्लिक स्कूल, विजय विहार एकेडमी की छात्राएं हैं और वे मायोप्लस फिटनेस जिम में नियमित रूप से वुशु का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय, प्रशिक्षण केंद्र और पूरे क्षेत्र में खुशी व गर्व का माहौल है।

## बंद मकान में गैस सिलेंडर फटने से दहला इलाका, पास के मकान में आई दरारें

**मेरठ।** शुक्रवार को थाना टीपी नगर क्षेत्र के मोहकमपुर में एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से इलाके में अफरा तफरी मच गई। तेज धमाके से आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। इस घटना से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि आसपास के मकानों में दरारें आ गईं। टीपी नगर क्षेत्र के मोहकमपुर निवासी तिलकराज जो मजदूरी करते है और उनकी पत्नी कुसुम देवी और बेटा मोहित एक फैक्ट्री में काम करते हैं। घटना के समय तीनों काम पर गए हुए थे इसी दौरान मकान बंद था। तभी दोपहर समय करीब 2:30 बजे घर के भीतर रखा गैस सिलेंडर अचानक फट गया।

## प्री-सीरीज बी राउंड मेंजुटाए 85 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने प्री-सीरीज बी फंडिंग में 85 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस फंडिंग राउंड में राज के. सोइन, मूसा डाकरी, रमेश भूटड़ा जैसे जाने-माने इंडियन-अमेरिकन फैमिली ऑफिस के साथ कंपनी के पुराने निवेशकों ने भी निवेश किया है। यह निवेश ओबेन इलेक्ट्रिक की सोच, मजबूत तकनीक, बढ़ते कारोबार और ग्राहकों के भरोसे को दिखाता है, जिसका साफ सबूत पिछले 12 महीनों में कंपनी की कमाई का 10 गुना बढ़ना है। फंडिंग पर बात करते हुए ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, श्यह निवेश कंपनी की तेज बढ़त, सही तरीके से खर्च किए गए पूंजी निवेश और साफ-सुथरी ग्रोथ प्लानिंग पर निवेशकों के भरोसे को दिखाता है।

# भारतीय विधि संस्थान में सम्म्मान समारोह संपन्न

**नई दिल्ली।** भारतीय विधि संस्थान (इंडियन लॉ इंस्टीटयूट) में आज मीडिया की मौजूदगी में इस्पात उपभोक्ता मंच की नई टीम का परिचय करवाया गया। इस मौके पर इस्पात उपभोक्ता मंच की अध्यक्षा सुश्री निवेदिता शर्मा जी के नेतृत्व में नई टीम को सम्मानित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में विधि विभाग एवं इस्पात संस्थानो के अन्य अधिक. ारी भी उपस्थित हुए। इस मौके पर विजय भारद्वाज को नेशनल डायरेक्टर का जिम्मेदारी दिया गया। इस अवसर पर फोरम की अध्यक्षा सुश्री निवेदिता शर्मा जी को विजय भारद्वाज गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। तथा वहीं फोरम के समन्वयक डॉ. संतोष राय जी का सम्मान भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय भारद्वाज ने किया।फोरम की अध्यक्षा निवेदिता शर्मा ने अलीगढ़ से भाजपा नेता राज कुमार तोमर को उत्तर प्रदेश इकाई के निदेशक का नियुक्ति पत्र देकर उन्हें नियुक्त किया गया।




## भारत के दिल में फ्लिपकार्ट फेस्टिव सप्लाई चेन की दस्तक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारत के घरेलू ई मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 2025 के त्योहारी सीजन से संबंधित प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इसमें विस्तार, गति और सामाजिक प्रभाव से जुड़े आंकड़े सामने रखे गए। फ्लिपकार्ट ने अपने मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दम पर बिग बिलियन डेज सेल इवेंट आयोजित किया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में और तेजी से डिलीवरी की गई। इससे क्षेत्रीय स्तर पर इसकी पहुंच भी बढ़ी। इस दौरान 4 लाख से ज्यादा सीजनल रोजगार का सृजन हुआ, ऑर्डर के दिन सेम डे अगले दिन नेक्स्ट डे डिलीवरी में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई और टियर 2 व 3 शहरों से जबरदस्त मांग देखी गई। इस तेजी के साथ फ्लिपकार्ट के सप्लाई चेन ने भारत की त्योहारी तेजी में टेक्नोलॉजी एवं लोगों को केंद्र में रखा। फ्लिप कार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स हेड हेमंत बद्री ने कहा, त्योहारी सीजन में हमारे लचीलेपन, विस्तार एवं सटीक परिचालन की असली परीक्षा होती है।

# मेरठ के धावक अंकुर कुमार ने रचा इतिहास, बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- 49 दिन में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4 हजार किमी की मशाल मैराथन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय मैराथन धावक अंकुर कुमार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से असंभव को संभव कर दिखाया है। नशा छोड़ो, भारत जोड़ो अभियान और वीर शहीदों के सम्मान में शुरू की गई 4000 किलोमीटर की मशाल मैराथन को उन्होंने मात्र 49 दिन और 4 घंटे में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के साथ उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। यह ऐतिहासिक दौड़ कश्मीर की डल झील से शुरू होकर कन्याकुमारी तक पहुंची, जिसमें अंकुर ने प्रतिदिन औसतन 80 किलोमीटर से अधिक की दौड़ लगाई।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और देशभक्ति की भावना जगाने का था। रास्ते में हजारों लोगों ने उनका स्वागत किया और संदेश से जुड़े। अंकुर कुमार ने कहा, यह रिकॉर्ड मेरे लिए नहीं, बल्कि वीर शहीदों और नशा मुक्ति के संकल्प के लिए है। जिन्होंने उन्हे समर्थन दिया। यह उपलब्धि भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा है और नशा मुक्त भारत के सपने को मजबूती प्रदान करती है। अपनी यात्रा पूरी करने के बाद धावक अंकुर कुमार उत्तर प्रदेश के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री मुकेश सिद्धार्थ के आवास पर पहुंचे, जहां पर मुकेश सिद्धार्थ ने उनकी इस




यात्रा पर मुबारकबाद दी और कहा कि देश के युवाओं को नशा मुक्ति का संकल्प देने के लिए और शहीदों को नमन करने के लिए यात्रा का समापन हुआ है यह वाक्य ऐतिहा. सिक है मुकेश सिद्धार्थ के साथ-साथ हिमांशु सिद्धार्थ ने भी अंकुर कुमार कि इस यात्रा पर उन्हें बधाई दी।

# सुभारती और मोदी कॉन्टिनेंटल जैसे ग्रुप नगर निगम के कर्जदार, अब निगम करेगा वसूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** नगर निगम मेरठ ने प्रोपर्टी टैक्स से जुड़े बिल लगभग सभी भवन स्वामियों तक पहुंचा दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के बड़े बकायेदारों ने अब तक टैक्स जमा नहीं किया है। शासन की ओर से नगर निगम को प्रोपर्टी टैक्स वसूली का 250 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जबकि तय लक्ष्य के मुकाबले अभी तक अपेक्षित राशि निगम के खाते में जमा नहीं हो सकी है।

नगर आयुक्त के आदेश और महापौर के निर्देश पर नगर निगम ने टैक्स जमा कराने के लिए कई काउंटर खोले हैं, ताकि आम लोग आसानी से भुगतान कर सकें। वहीं बड़े बकाये दारों से वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्त रणनीति तैयार की है। योजना के तहत शहर भर में बड़े बकायेदारों की सूची के होर्डिंग लगाए जाएंगे, ताकि उन पर सामाजिक और प्रशास. निक दबाव बनाया जा सके। नगर निगम के अनुसार बड़े बकायेदारों में सबसे अधिक शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं। कई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों पर करोड़ों रुपये का प्रोपर्टी टैक्स बकाया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, अस्पताल, फैक्ट्रियां और होटल भी बकायेदारों की सूची में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी शाहिद अब्बासी पर करीब 5 लाख रुपये का बकाया है। सुभारती विश्वविद्यालय पर फिलहाल करंट टैक्स में 70 लाख रुपये बकाया बताए जा रहे हैं, जबकि कुल बकाया निकाले जाने पर यह राशि करोड़ों में पहुंच सकती है। मोदी कॉन्टिनेंटल पर 105 करोड़ रुपये का बकाया है, जो इस समय हाईकोर्ट में विचाराधीन है। चौधरी चरण सिंह विश्व विद्यालय पर करीब 14 करोड़ रुपये, बिजली विभाग पर लगभग 44 करोड़ रुपये का प्रोपर्टी टैक्स बकाया है। इसके साथ ही मेरठ के चर्चित आरजी गर्ल्स कॉलेज पर 2 करोड़ 93 लाख रुपये बकाया बताए गए हैं। होटल सेक्टर में भी लाखों रुपये की देनदारी सामने आई है, जिसमें होटल ऑसम पर करीब 21 लाख रुपये का प्रोपर्टी टैक्स बकाया है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि बड़े बकायेदारों से सख्ती से वसूली की जाएगी और लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल नगर निगम ने शासन के आदेशों पर 20 पर्सनेट तक की छूट करंट ईयर पर दी जा रही है, नगर निगम में हाउस टैक्स अस्सिमेंट अफसर शिव कुमार गौतम ने कहा कि जल्द ही वसूली होगी।

## दिल्ली-देहरादून हाईवे पर स्क्रैप गोदाम में भीषण आग, तीन वाहन जलकर खाक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव दायमपुर के पास स्थित एक स्क्रैप गोदाम में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा गोदाम इसकी चपेट में आ गया। हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दूर तक आग की लपटें दिखाई देने लगीं। सूचना मिलते ही कंकरखेड़ा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की आठ गाड़ियां लगाई गईं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर फाइटरों ने आग पर नियंत्रण पाया। आग की चपेट में आकर गोदाम में खड़े आईसर कनेक्टर, पिकअप, बोलेरो और छोटा हाथी समेत तीन वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। साथ ही गोदाम में रखा भारी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य स्क्रैप भी नष्ट हो गया। गोदाम मालिक इरफान मलिक निवासी गोविंदपुरी, कंकरखेड़ा ने बताया कि इस हादसे में उन्हें करीब 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# पूठखास में भाजपाईयों ने की बैठक

## एसआईआर का कार्य निपटाने के अलावा चुनाव में जुट जाने पर मंथन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रोहटा।** भाजपा ने रोहटा मण्डल के गांव पूठखास में ठा. सुरेश सिंह के आवास पर सेक्टर पर एसआईआर के लिए बैठक आयोजित की।

मुख्य अतिथि पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष सतेंदर सिसोदिया ने सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष आदि को एसआईआर को लेकर गंभीर चर्चा की जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं से उनके सुझाव भी मांगे सतेंद्र सिसोदिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बताया मिशन 2027 के लिए हमें जी जान से जुटना है। भाजपा सरकार गांव व गरीब किसान मजदूर महिला छात्र आदि के लिए कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल ने बताया की आगामी 26 दिसंबर से पहले हमें कार्य पूर्ण करना है भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला से अतिथियों का स्वागत किया। जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष फिरेराम धनतला, जिला मंत्री मुकेश शास्त्री, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज चौहान, जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप तोमर, मंडल अध्यक्ष बॉबी शर्मा, मंडल महामंत्री प्रवीण सैनी, सौरभ सिंह, विशाल गिरी, शालीन राणा, हर्ष राणा, वीरेंद्र प्रजापति, भूपेंद्र चौधरी, योगेंद्र ठाकुर, बृजेश गिरी, अरुण ठाकुर, उमेश गुर्जर, शालीन, सुधीर मढी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आर्य नगर के दीनदयाल ने मेडिकल कॉलेज को दिया अपना मृत शरीर

## छात्रों को हर वर्ष 15 शवों की होती है आवश्यकता

- 2017 में अपने शरीर का कराया था रजिस्ट्रेशन
- एमबीबीएस के छात्र इस शरीर से प्रेक्टिस करके दूसरे की बचाने है जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** देहदान को महादान कहा जाता है। मृत देह मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए साइलेंस टीचर की तरह होती है। वह आपके शारीरिक अंगों पर प्रैक्टिकल कर दूसरों को जीवन देना सीखते हैं। इंसान की जिंदगी बचाने के लिए चिकित्सकों की अहम भूमिका मानी जाती है और एमबी बीएस की पढ़ाई करने वाले छात्रों को पढ़ाई के लिए मृत शरीर का भी बड़ा योगदान होता है।

देहदान न होने के कारण एमबीबीएस के छात्रों को पढ़ाई में कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता था। लेकिन अब धीरे-धीरे लोग देहदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं। जिससे एमबी बीएस की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी काफी मदद मिल रही है। इंसान की जिंदगी बचाने के लिए चिकित्सकों की अहम भूमिका मानी जाती है। देहदान के लिए अब धीरे धीरे लोग जागरूक हो रहे हैं। इसी क्रम में लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि जून 2017 में दीन दयाल आर्य पुत्र बिहारी उम्र 84 वर्ष निवासी आर्य नगर, सरधना रोड ने मेडिकल कॉलेज मेरठ के शरीर रचना विभाग में अपना देहदान का रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनकी मृत्यु के उपरांत शुक्रवार को उनके बच्चो के द्वारा उनका मृत देह संपूर्ण शरीर मेडिकल कॉलेज मेरठ के शरीर रचना विभाग में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु दान किया गया। शरीर रचना विभाग की विभागाध्यक्ष ने बताया कि एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार एमबी बीएस पाठयक्रम में पठन पाठन हेतु प्रत्येक वर्ष कुल 15 शव मृत देह की आवश्यकता होती है।

# नगर पालिका परिषद सरधना की पहल चौराहों पर अलाव से लोगों को राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से राहगीरों, मजदूरों, ठेला फेरी करने वालों तथा रात्रि में डयूटी करने वाले कर्मचारियों को ठंड से राहत मिल रही है।

पालिका अध्यक्ष सबीला बेगम ने बताया कि ठंड के मौसम में आमजन, विशेषकर गरीब और जरूरत मंद लोगों की सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार आगे भी यह व्यवस्था लगातार जारी रहेगी। वहीं अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने कहा कि नगर पालिका द्वारा चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलवाए जा रहे हैं। संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट



निर्देश दिए गए हैं कि समय पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसकी लगातार निगरानी रखी जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका परिषद की इस जन हितकारी पहल की नगर वासियों ने सराहना की है और कहा है कि ठंड के इस मौसम में अलाव की व्यवस्था से काफी राहत मिल रही है।

# कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से की मुलाकात



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शुक्रवार को दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने अपने मंडल की टीम के साथ उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन तथा आपके सशक्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। जन-जन का विश्वास और कार्यकर्ताओं का उत्साह पार्टी को ऐतिहा. सिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा इस दौरान गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, भोलू आदि मौजूद रहे।

# टिकौला शुगर मिल ने किया सत्र 2025-26 का भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** टिकौला शुगर मिल ने 2025-26 पेराई सत्र का भुगतान सीधा किसानों के खाते में भेज दिया है। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि शुगर मिल ने पेराई सत्र 2025-26 का छह दिसंबर 12 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का संपूर्ण भुगतान 32 करोड़ 13 लाख रूपये का भुगतान सीधा किसानों के खाते में भेज दिया है। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि किसान अपने बैंक खाते में अपना भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि मिल में अपना गन्ना पैराई करते समय साफ सुथरा, ताजा, जड़ पत्ती, मिट्टी एवं हरा अगोला रहित गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें।

पर्चियों से अधिक गन्ना उपलब्ध होने पर चीनी मिल अथवा गन्ना विकास परिषद से सम्पर्क करके, अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार करा लें, और अपना बेसिक कोटा अवश्य पूर्ण करें, एवं टिकौला मिल में गन्ना आपूर्ति बढ़ाकर, ईनामी-उपहार योजना का भी भरपूर लाभ उठायें।

## महलका मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** महलका मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए घायलों का प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया गया। जानकारी के मुता. बिक मीरापुर निवासी आकाश अपनी बाइक से सवार होकर शुक्रवार को किसी काम से गांव महलका आया था वापस लौटते वक्त आकाश की बाइक सामने से तेजगति से आ रही बाइक से टकरा गई। दोनो बाइकों की टक्कर हो जाने से आकाश व पीछे बैठा अमित घायल हो गया। घायलों का प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया गया। वहीं जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया था। राहगीरों का कहना है कि बाइक तेज होने के कारण दुर्घटना हुई है।

## ट्रूकॉलर ने भारत में मुफ्त वॉइसमेल सेवा लॉन्च की

**मेरठ।** ट्रूकॉलर ने भारत में एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए एक मुफ्त और शक्तिशाली AIसंचालित वॉइसमेल अनुभव लॉन्च किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डॉ. आंबेडकर सेवा न्याय सिलाई केन्द्र को मिली दस सिलाई मशीनों की सौगात



शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगानगर।** डाक्टर अम्बेडकर सेवा न्याय एवं सन्त रविदास सरस्वती शिशु मन्दिर द्वारा संचालित सिलाई केन्द्र को सशक्त बनाने हेतु शुक्रवार को दस सिलाई मशीनें भेंट की गईं। यह सौगात समाजसेवी रमा अग्रवाल पत्नी राकेश मोहन अग्रवाल सी.ए. द्वारा प्रदान की गई। यह कार्यक्रम मेन बाजार कसेरूखेड़ा स्थित सिलाई केन्द्र परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष अरुण जिंदल, राकेश मोहन अग्रवाल उनकी पत्नी रमा अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सी.ए. चारु करणवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल कुमार शर्मा, पारस गुप्ता एवं डॉ. आंबेडकर सेवा न्यास संस्था के सदस्यों, संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षिकाओं सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान सिलाई केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। साथ ही संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के भाई बहनों ने अतिथियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल मिला निर्वाचन अधिकारी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी जनपद का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट से मिला। उन्हें जनपद गाजियाबाद में स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं के Enumeration Form नियमविरुद्ध भरे जाने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।



बीएलए एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों द्वारा यह जानकारी प्राप्त हो रही है की बिना मतदाता से प्रत्यक्ष संपर्क एवं भौतिक सत्यापन के एएसडी श्रेणी के मतदाताओं का Enumeration फॉर्म बडे पैमाने पर भरे जा रहे है। जो कि चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई रो गाइडलाइन निर्वाचन नियमों के विरुद्ध है तथा मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर गंभीर सवाल पैदा करते हैं उपरोक्त प्रकरण को संज्ञान में ले। ताकि मतदाता सूची की शुद्धता बनी रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन का विश्वास कायम रह सके।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग पूर्व महापौर प्रत्याशी सिकंदर यादव, हरेंद्र कसाना एडवोकेट महिला सभा प्रदेश महासचिव मधु चौधरी राष्ट्रीय सचिव महिला सभा, पुष्पा शर्मा आदि साथ रहे।

# कैंटर की टक्कर से दो किशोरों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद।** थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। मोटरसाइकिल पर सवार तीन किशोरों को तेज रफ्तार अज्ञात कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान इमरान पुत्र नाजिम (उम्र करीब 15 वर्ष) और वसीम पुत्र सलीम (उम्र करीब 16 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में घायल किशोर समद पुत्र जान मोहम्मद (उम्र करीब 16 वर्ष), निवासी ग्राम सैदपुर थाना भोजपुर गाजियाबाद है। बताया जा रहा है कि तीनों किशोर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव के बाहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार कैंटर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो इमरान और वसीम की हालत गंभीर थी और कुछ ही देर में दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

हादसे में गंभीर रूप से घायल समद को परिजन तत्काल मोदीनगर स्थित जीवन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक बताते हुए मेरठ के सुभारती अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि समद को सिर और शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं।सूचना मिलने पर थाना भोजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर अज्ञात कैंटर के संबंध में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# बिजली कनेक्शन के लिए दस हजार रुपये की रिश्वत लेते दो कर्मचारी दबोचे

■ **मामले में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक मयंक अरोड़ा की ओर से साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है**

**साहिबाबाद।** थाना क्षेत्र में मेरठ की एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग को दो कर्मचारियों को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। साहिबाबाद थाने में मुकदमा दर्ज करवा गया है। विजय नगर क्षेत्र के मिर्जापुर में रहने वाले शहनवाज के घर पर एक निजी कंपनी का टावर लगना था, जिसके लिए कंपनी की ओर से बिजली कनेक्शन के लिए आवे. दन किया गया था।

इस मामले में शहनवाज ने प्रताप विहार बिजली घर पर तैनात जेई रोहताश सिंह से मुलाकात की। रोहताश सिंह ने शहनवाज को टीजीटू जयवीर सिंह से मिलने के लिए कहा। आरोप है कि जयवीर सिंह ने कनेक्शन के लिए 15 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा।

बातचीत होने पर जयवीर सिंह दस हजार रुपये पर राजी हो गया। आरोप है कि 13 दिसंबर को जब कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन के लिए बिजली घर पहुंचे तब जयवीर ने उन्हें फोन कर रुपये की मांग की, लेकिन शहनवाज ने बाहर होने की बात कहकर वापस आने पर रुपये देने के लिए कहा। उनके घर पर 15 दिसंबर को बिजली का कनेक्शन लग गया। इसके बाद जयवीर ने उन्हें फोन कर कहा कि यदि रुपये नहीं दिए गए तो वह कनेक्शन को रद्द करवा देंगे।

इसके बाद शहनवाज ने एंटी करप्शन मेरठ में शिकायत की। शुक्रवार को रुपये देने के बाद एंटी करप्शन की टीम ने दोनों को दबोच लिया। मामले में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक मयंक अरोड़ा की ओर से साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

# डीपीएस मोदीनगर में यातायात पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में यातायात नियमों की समझ और पालन पर विशेष कार्यक्रम दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में दिनांक 19-12-2025 को विद्यालय परिसर में "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" विषय पर एक विशेष यातायात एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, संकेतों, प्रतीकों एवं ट्रैफिक लाइट्स के अर्थ से परिचित कराना तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा (मुख्य यातायात प्रशिक्षक) रहे। उनके साथ कार्यक्रम में विद्यालय



के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी, की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने विभिन्न यातायात संकेतों, चिन्हों और ट्रैफिक लाइट्स के अर्थ को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

उन्होंने बताया कि लाल, पीली और हरी बत्ती केवल रंग नहीं हैं, बल्कि ये हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चेतावनियाँ हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चेतावनी संकेत, निषेध संकेत और अनिवार्य संकेत सड़क पर अनुशासन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना और गति सीमा का पालन करना केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के उपाय हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए ताकि बच्चे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल अपनी ही नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का भी दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाएँ। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने संबोधन में कहा कि "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ सड़क पर व्यवहार करने की सीख दी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हैडमास्टर अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के साथ- साथ समाज को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम हैं।

# गिन्नी देवी कॉलेज में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

■ **कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर सारिका त्यागी अनीता कौशिक, रितु शर्मा, शालू देवी आदि प्रवक्ताओं का योगदान रहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के समापन के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व और हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी के कुशल निर्देशन में एक निबंध प्रतियोगिता, जिसका विषय सुशासन का महत्व और अटल जी द्वारा लिखी गई कविताओं में से एकल काव्य पाटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक छात्राओं ने प्रतिभागिता की। काव्य पाटन प्रतियोगिता में कुमारी कनिष्का शर्मा प्रथम स्थान तथा कुमारी भावना बीए द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान संभाषण प्रतियोगिता में प्राप्त किया। मंच संचालन हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी ने किया।

प्रतियोगिताओं का निर्णय संगीत विभाग की अध्यक्षा डा आकांक्षा सारस्वत तथा राजनी. तिक विज्ञान की प्रवक्ता कुमारी खुशबू त्यागी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर सारिका त्यागी अनीता कौशिक रितु शर्मा शालू देवी आदि प्रवक्ताओं का योगदान रहा।

# कोहरे में सड़क हादसे रोकने को लगाए जागरुकता बोर्ड

**गाजियाबाद।** कोहरे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यातायात पुलिस ने कमिश्नरेट की सीमा में दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे के प्रमुख प्रवेश और निकास द्वारों पर जागरुकता बोर्ड लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था एनएचएआई के सहयोग से की गई है, जिससे लोगों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि कोहरे के दौरान दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहनों की सही दूरी का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में अचानक ब्रेक लगना, तेज रफ्तार, लेन अनुशासन की अनदेखी और ओवरटेकिंग जैसी लापरवाहियां सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

इन्हीं जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली-मेपठ एक्सप्रेसवे पर सावधानी संबंधी बोर्ड स्थापित किए गए हैं। डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि जागरुकता बोर्डों के माध्यम से वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी दी जा रही है। लोगों से अपील की है कि वह मौसम और सड़क की स्थिति के अनुसार गति नियंत्रित रखें, आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और फॉग लाइट, लो-बीम हेडलाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग करें।

डीसीपी का कहना है कि वाहन चलाते समय लेन अनुशासन का पालन करना बेहद जरूरी है और आपात स्थिति के अलावा सड़क पर वाहन रोकने से बचना चाहिए। यदि कोहरा अत्यधिक हो या थकान महसूस हो रही हो तो सुरक्षित स्थान पर वाहन खड़ा कर मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि जागरुकता बोर्ड लगाने की पहल से वाहन चालकों में सतर्कता बढ़ेगी और कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने आपात स्थिति में सहायता के लिए डायल-112 पर संपर्क करने तथा यातायात संबंधी किसी भी सहायता के लिए यातायात पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9643322904 पर संपर्क करने की अपील की।



**मोदीनगर। तहसील के गांव सारा में बढ़ती ठंड के चलते जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, एसडीएम अजित कुमार व तहसीलदार रजत सिंह।**

# एसआरएम में 10वीं 'इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज' (यू.एच.वि) का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली -एनसीआर कैंपस गाजियाबाद में "10जी इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यूज" का 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण में डॉ रजनीश अरोरा (चेयरमैन एनसीसी-आईपी ए आई सी टी ई) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि जीवन मूल्यों को समझने के लिए "सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों" समय का माँग है और आपनी सोच को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है इस विषय से ना केवल समाज को बल्कि देश को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है



इस करिक्रम के मुख अतिथि प्रोफेसर टी.जी सीताराम (चेयरमैन ए आई सी टी ई) ने कहा कि भारत में शिक्षा के साथ -साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विकास और सामा. जिक सद्भाव और एकता मानव मूलियो के माध्यम से देश को समृद्ध बनाने और शिक्षा मैं सुधार लाने की ससक्त आवश्यकता है और इस के माध्यम से देश और दुनिया को भी प्रेरणा के साथ -साथ शिक्षा को भी एक नया आयाम दिया जा सकता हैं।

इस के बाद संस्थान एसआरएम आई एस टी के निर्देशक एवं गेस्ट ऑफ ऑनर, डॉ. एस. विश्वनाथन ने ष्वसुदेव कुटुम्बकमष पर प्रकाश डालते हुए हमें यह समझाया की किस तरह एक आदर्श मानव जीवन का लक्ष्य सार्वभौमिक लाभ होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ। माननीय डायरेक्टर सर ने अपने बक्तब्य में आगे इन मूल्यो का शिक्षा प्रणाली में महत्व बताते हुए कहा कि किस तरह ये मूल्य एक सामंजस्यपूर्ण जीवन, आपसी विश्वास और सहयोग के लिए जरूरी हैं, जो व्यक्ति और समाज दोनों के विकास की नींव रखते हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन दूसरे गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ अमिता देव (एडवाइजर ए के जी ई सी) ने कहा कि भारत में इस प्रकार के आयोजन से ना केवल देश के विकास में योगदान मिलेगा बल्कि विश्व में अपने देश की पहचान और भी मजबूत होती है। आज के युवा पीढ़ी को अपने देश के संस्कृति और विरासत के साथ मान्यो मूल्ये को भी में ही नवाचार करने के लिये प्रोत्साहित करना आवश्यक है ताकि देश की प्रतिभा को देश में सम्मान और पहचान मिले।

# ताश खेलने के आरोप में 250 रुपये का जुर्माना

**गाजियाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में ताश खेलने के एक मामले में अदालत ने अभियुक्त को 250 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियुक्त ने अदालत में अपना जुर्म कबूल कर लिया। अदालत से मिली जानकारी के मुताबिक मामला नौ फरवरी 2021 का है, जब कोतवाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक पार्क में ताश खेलते हुए गिरीश नामक व्यक्ति को पकड़ा। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियुक्त ने अदालत में अपराध स्वीकार कर लिया। उसने यह भी प्रार्थना की कि उसके द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के कारण आगे मुकदमे की कार्यवाही न की जाए और उसे राहत दी जाए।

# जनपद स्तरीय विज्ञान क्विज के लिए रजापुर के 10 छात्रों का चयन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र रजापुर में विज्ञान की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक के 33 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के तीन-तीन छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपने ज्ञान का परिचय दिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में हुआ। प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। सभी विज. ेता विद्यार्थियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने ट्रॉफी, विज्ञान किट देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विज्ञान विषय के एआरपी नीरज खटाना ने प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता के दौरान कक्ष निरीक्षक के रूप में पूजा गौतम, पूनम चौधरी, नीतू वर्मा, प्रीति शर्मा, प्रियंका रस्तोगी, अमित कुमार एवं दिव्या शर्मा ने विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम संचालन में एसआरजी विनीता त्यागी, देवांकुर, पूनम शर्मा और एआरपी अनीता यादव का विशेष सहयोग रहा।

# पानी का छिड़काव कर रहीं जीडीए और नगर निगम की टीम

**गाजियाबाद।** ग्रैप के नियमों का पालन और बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए सरकारी मशीनरी जुटी है। नगर निगम और जीडीए की टीम ने शुक्रवार को कई कॉलोनियों में पानी का छिड़काव किया।

इस दौरान हरित पट्टियों के पेड़-पौधों पर भी पानी डाला गया। साथ ही, निर्माण साइट का निरीक्षण किया। गाजियाबाद में भी ग्रैप चार लागू है।

शुक्रवार को भी नियमों की अनदेखी करने और वायु प्रदूषण फैलाने वाले पर सख्ती की गई। नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे पानी का छिड़काव किया। सड़कों की सफाई भी की गई, ताकि धूल के कण न उड़ सकें। वहीं, जीडीए के प्रवर्तन अनुभाग ने अपने जोन के निर्माणाधीन प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया।

वहां एंटी स्मॉग गन की व्यवस्था देखी। साथ ही निर्माणाधीन सामग्री की व्यवस्था देखी। देखा गया कि उसपर लगातार पानी का छिड़काव हो रहा है या नहीं।

जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि ग्रैप और एनजीटी के नियमों का सभी को पालन करना होगा। वायु प्रदूषण फैलाने और नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में 18 एवं 19 दिसंबर, 2025 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ''खेल प्रबंधन में टेपिंग के उन्नत उपयोग'' विषय पर आयोजित की गई। इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का संच. ालन इटली के प्रसिद्ध विशेषज्ञ प्रो0 रोसारियो बेलिया द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को टेपिंग की नव विकसित तकनीकों से प्रशिक्षित किया।

कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के माननीय चेयरमैन, डॉ आर0पी0 चड्ढा जी एवं वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा जी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त



विशेषज्ञ वक्ता प्रो0 रोसारियो बेलिया, अध्यक्ष, इटेलियन काइनेसियोलॉजी एसोसिएशन, इटली के औपचारिक स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात संस्थान के प्रधानाचार्य, डॉ0 एम0 थंगराज एवं सुरेन्द्र सूद, निदेशक जनसंपर्क ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यशाला का शुभारम्भ किया एवं संस्थान के शैक्षिणक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं जितेन्द्र शेहरावत, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया तथा विशेषज्ञ वक्ता का हार्दिक स्वागत किया।

कार्यशाला के दौरान प्रो0 रोसारियो बेलिया ने खेल फिजियोथेरेपी में टेपिंग की उन्नत तकनीकों, उनके वैज्ञानिक आधार तथा उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक खेल में टेपिंग के प्रभावी उपयोग सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

टेपिंग तकनीक शरीर की मांसपेशियों और जोड़ों को सहारा देने की एक विशेष विधि है, जिससे उनकी स्वाभाविक गति बनी रहती है। यह तकनीक खेल के दौरान चोट से बचाव, दर्द में कमी और शरीर के संत. ुलन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। खेल प्रबंधन में इसका उपयोग खिलाडियों के शीघ्र उपचार और सुरक्षित रूप से खेल में वापसी के लिए किया जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चेयरमैन, आई0टी0एस0-दी एजूकेशन ग्रुप, डॉ0 आर0पी चड्ढा जी एवं माननीय वाईस चेयरमैन, आई0टी0एस0-दी एजूकेशन ग्रुप अर्पित चड्ढा जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही विद्यार्थियों को विदेशी विशेषज्ञ से सीखने का यह बहुमूल्य अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वक्ता के योगदान की सराहना की गई। यह कार्यशाला संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता वं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# प्राथमिक विद्यालय सिसाना में तिथि भोजन उत्सव का आयोजन

## जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ भोजन कर किया संवाद, उपहार भी किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जनपद के प्राथमिक विद्यालय सिसाना नंबर दो में तिथि भोजन उत्सव मनाया गया। यह विद्यालय बागपत के अधिशासी अधिकारी के.के. भड़ाना को तिथि भोजन हेतु आवंटित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला. धिकारी अस्मिता लाल रहीं। जिला. धिकारी ने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन किया, भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को जर्सी, टोपा एवं चॉकलेट भेंट स्वरूप प्रदान कीं। उपहार पाकर बच्चों ने प्रसन्नता व्यक्त की और जिलाधिकारी के प्रति आभार





जताया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान एवं पर्यावरण से संबंधित जानकारी भी नियमित रूप से प्रदान की जाए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में कार्यरत अध्यापिकाओं एवं रसोइयों का सम्मान करते हुए उन्हें डायरी, पेन एवं शॉल भेंट किए। विद्यालय में कुल 106 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं तथा शिक्षण कार्य के लिए पाँच अध्यापक कार्यरत हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं सुरक्षा में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने और विद्यालय में पर्याप्त समय देने से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे बच्चों के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अमर. चंद वर्मा, अधिशासी अधिकारी के. के. भड़ाना, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर पलटा गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक, टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर मवीकला गांव के समीप सिलेंडरों से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और ट्रक चालक अमरोहा निवासी राजेश इसमें घायल हुआ मौके पर परत अपनी मची रही गनीमत यह रही के गैस लीकेज नहीं हुई वरना बड़ा हादसा हो सकता था, फिलहाल मौके पर पहुंचा पुलिस प्रशासन राहत कार्य में जुटा है।

बागपत में दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर गाजियाबाद लोनी से सहारनपुर की तरफ जा रहा सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घने कोहरे के चलते विजुअलिटी कम थी जिसके चलते यह हादसा हुआ है। मौके पर अफरा तफरी मची रही, हालांकि इस दौरान गैस का कोई रिसाव नहीं हुआ जिससे बड़ा हादसा होने से बाल बाल टल गया। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस



प्रशासन पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटा है। गाड़ी में जितने भी सिलेंडर सभी एलपीजी गैस से भरे हुए थे और गैस गोदाम से एजेंसी पर सप्लाई के लिए ले जाया जा रहे थे ऐसे में अगर हिसाब हो जाता तो बड़ी गंभीर घटना हो सकती थी। गाड़ी जिस समय पलटी आसपास के वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और यातायात व्यवस्था को मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने सुचारु कराया। वहीं गैस गोदाम अधिकारी मौके पर पहुंचे पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जब चालक से बात की गई तो उसने बताया कि कोहरा बहुत अधिक था सामने से आने वाले वाहन नहीं दिखाई दे रहे थे ऐसे में डिवाइडर से टकराने के बाद ट्रक पलट गया। गनीमत यह रही कि रिसाव नहीं हुआ जिससे बड़ी घटना होने से टल गई फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# वार्ड नंबर-16 में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका के वार्ड संख्या-16 ठाकुरद्वारा में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर-टू-डोर ठोस कूड़ा संग्रहण अभियान को गति दी गई जिसमे डोर-टू-डोर स्वच्छता गतिविधियों के डिजिटलीकरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़े के सही निस्तारण की जानकारी दी तथा मौके पर 6 कूड़ा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं लाएगा और स्वयं सफाई के प्रति जागरूक नहीं होगा, तब तक स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई को केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी न समझा जाए। स्वच्छता सेवाओं के डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ेगी, कार्यों की निगरानी आसान होगी तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करें, प्लास्टिक का कम उपयोग करें और स्वच्छ बागपत सिटी के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर स्वच्छता से संबंधित जनजागरूकता गति. विधियाँ संचालित की जाएँगी, जिनमें कचरा पृथक्करण, कंपोस्टिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचाव तथा स्वच्छता ऐप/डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। हर घर को जियो-टैग करने का कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिससे सभी घरों की सटीक जानकारी जुटाई जा सके और कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया जा सके। साथ ही, प्रत्येक वार्ड की डिजिटल मैपिंग का कार्य भी किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में प्रभावी योजना और संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बागपत को एक स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर बनाने के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। जिला. धिकारी ने अपील की कि कूड़ा कहीं भी इकट्ठा न होने दें और प्रतिदिन आने वाले कूड़ा



संग्रहण वाहन को ही कूड़ा सौंपें। नगर प्रशासन ने नागरिकों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता में भागीदार बनने और अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने का आहवान किया। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा ,अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना सहित वार्ड सभासद आदि उपस्थित रहे।

# साकंलपुठी के रेलवें जवान की हृदयगति रुकने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** साकंलपुठी गांव के एक रेलवें में जवान की हृदयगति रूकने से मौत हो गयी है गांव के लोगो ने दिल्ली से शव गांव लाकर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

साकंलपुठी निवासी 56 वर्षीय अनिल पुत्र अतरसिंह रेलवें मे हेड कांस्टेबल के पद पर दिल्ली के पटेल नगर में तैनात है वह फिलहाल परिवार सहित रेलवे मेरठ आवास में रहते थे दिल्ली में पटेल नगर में तैनात अनिल के रात्रि के समय अपनी बैरग में दर्द होने पर साथियों ने पहले प्राईवेट हॉस्पिटल और फिर दिल्ली के रेलवें अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया



सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया मृतक के एक बेटा दो। बेटी है गांव के लोगो ने गमगीन माहौल में शव गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में लगे है।

## एक नजर

# अहंकार जीवन को पतन की ओर ले जाता है -विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भावलिंगी संत जैन आचार्य विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार मंडी में अजितनाथ साधु सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि अहंकार की सूक्ष्म कणिका हमारे जीवन को पतन की ओर ले जाती है। जीवन की सम्पूर्ण साधना को ये मिट्टी में मिला देती है। आत्मा के उत्थान के कई बाधक कारणों में अहंकार को भी गर्भित किया है। बाहुबली को देखिये अपूर्व साधना के धनी, महाव्रतधारी, चक्रवर्ती, विभूति के त्यागी, और उनकी साधना की पराकाष्ठा थी। उन्हें न भूख की चिन्ता, न प्यास की बाधा। उनके पैरों में सर्पों ने बांबी बना ली, सिर में चिड़ियों ने घोसला बना लिया, शरीर कृश हो रहा था, वर्ष बीत गये, सूक्ष्ममान केवलज्ञान में बाधक बन गया। उन्होंने चक्र छोड़ा, दीक्षा ली, साधना की पर मान नहीं छोड़ा, तो एक साल तक संसार में लटके रहे, भरत के सम्बोधन को सूना, मान से मुक्त केवल ज्ञान के अधिकारी हुये। जरा सा अहंकार व्यक्ति को ज्ञानहीन, विवक शून्य बना देता है। जब भी इन्सान के मन में विचार उत्पन्न होता है। कि मैं बड़ा हूँ वह छोटा है, मेरे सामने उसकी क्या औकात बस उसी क्षण मान प्रगट होता है और वह अपने आप को छोटा बना लेता है। इसलिए मान से बचो और सदैव जिनेंद्र भगवान की आराधना करो।

सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 25 दिसंबर को आचार्यश्री संघ के सानिध्य में 108 परिवारों के द्वारा अजितनाथ सभागार में शांतिनाथ विधान का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, एडवोकेट विना. ेद जैन, वरदान जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, नरेंद्र जैन, संजय जैन, अमित जैन, राकेश जैन ,विवेक जैन आदि उपस्थित थे।

# रोमांचक मुकाबलों संग वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** ग्रोवैल स्कूल को-एड विंग में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। अंतिम दिन कक्षा चार से छह तक के छात्र-छात्राओं की विभिन्न खेल. कूद प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी फुर्ती, संतुलन और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कक्षा चार के विद्यार्थियों के लिए गेंद के साथ मेंढक छलांग दौड़, शटल दौड़ तथा मेंढक दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं ने बाधा दौड़, हुला हूप रिले दौड़ और शंकु संतुलन दौड़ में भाग लेकर अपनी सहनशक्ति एवं समन्वय क्षमता का परिचय दिया। वहीं कक्षा छह के विद्यार्थियों के लिए उच्च



स्तर की बाधा दौड़ एवं गति-आधारित खेल कराए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिताओं का संचालन खेल शिक्षिका कविता कौशिक के निर्देशन में सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य सविता शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को शीघ्र ही एक सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# नि:शुल्क मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन, 75 मरीजों ने कराया चेकअप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को गांव केहरका में चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट, खट्टा प्रहलादपुर एवं परिवर्तन ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में मेदांता हॉस्पिटल, सेक्टर 50, नोएडा के द्वारा विद्यालय में एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ ट्रस्ट की उपसचिव टीना चौधरी और स्कूल के प्रिंसिपल शिवकुमार त्यागी ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर 75 मरीजों ने अपना मेडिकल चेकअप कराया। कैंप में कोऑर्डिनेटर सुमित कुमार, डाक्टर अरुण त्यागी, डाक्टर रिद्धिमा त्यागी एवं उनके साथ समस्त मेदांता हॉस्पिटल का पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा। मेडिकल कैंप में काफी ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर




हिस्सा लिया। वही इस अवसर पर टीना चौधरी, सुंदर त्यागी, ओमदत्त त्यागी, सोनू शर्मा, राजकुमार, बंटी, सतपाल मास्टर, सुरेश त्यागी, मोि. हत , ललित, जितेंद्र त्यागी, जमील, जाकिर, इस्लामुद्दीन, अरुणा, पूजा, बीना देवी, संजू देवी, जाहिदा, पीतांबरी देवी, शौकीन ढाका, अंजू ढाका, मनीषा, पूजा त्यागी और प्रधानाचार्य शिवकुमार त्यागी एवं उनके समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बिहार के सीएम नीतीश को दे देना चाहिए इस्तीफा: खुर्शीद मंसूरी

## सर्वसमाज का अपमान किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं सहानपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फौरन इस्तीफा दे देना चाहिए। वह इस कुर्सी पर बैठने लायक नहीं रहे हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गंदी हरकत से बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने सिर्फ महिला समाज नहीं, बल्कि सर्व समाज का अपमान किया है। वह इंसानियत के दुश्मन है। उन्हें कुर्सी पर बैठने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से जिस तरह से एक महिला का अपमान किया है, वह माफी के काबिल नहीं है। उन्होंने सिर्फ एक महिला का हिजाब नहीं खींचा है, बल्कि पूरे महिला समाज का पर्दा खोलने का प्रयास किया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या नीतीश कुमार के घर में बहन बेटियां नहीं है। नीतीश कुमार की सोच घटिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तत्काल नीतीश कुमार से इस्तीफा ले लेना चाहिए। वहां पर किसी ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए जो सर्व समाज का सम्मान करता हो। अगर प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करते हैं तो यह माना जाएगा कि वह भी महिला समाज का सम्मान नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने भारतीय संस्कृति का अपमान किया है। भारत की महिलाएं अपना सम्मान कराती हैं। भारत की ज्यादातर महिलाएं पर्दे में रहती हैं। आप इन महिलाओं को बेपर्दा नहीं कर सकते हैं। नीतीश कुमार ने महिलाओं के सम्मान को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व में भी ऐसी हरकतें कर चुके हैं, जिससे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी उनकी इस हरकत की निंदा करती है। आजाद समाज पार्टी में महिला कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा मान सम्मान है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की पूरी सुरक्षा होनी चाहिए। देश में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर कानून बनना चाहिए। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री भी अगर कानून का सम्मान नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं हो सकता है।

# ट्रेन की चपेट में आने से गोवंश की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टटीरी रेलवे स्टेशन के पास एक गोवंश की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग, पशु चिकित्सा और गौ रक्षा दल की टीमें मौके पर पहुंचीं।

गौ रक्षा दल के पदाधिकारी शांतनु ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। एक महीने पहले भी इसी तरह एक गोवंश की ट्रेन हादसे में मौत हुई थी। उन्हें आज सुबह भी गोवंश के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। रेलवे अधिका. रियों और पशु चिकित्सकों ने नियमानुसार अपनी कार्रवाई शुरू की। गौ रक्षा दल की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से गोवंश के शव को ले जाकर उसका अंतिम संस्कार संपन्न कराया। स्थानीय लोगों ने लगातार बढ़ रहे ऐसे हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मांग की कि गोवंशों को समय रहते गौशालाओं में पहुंचाया जाना चाहिए ताकि वे सुरक्षित रहें और सड़कों तथा रेलवे लाइनों पर हादसों का शिकार न हों। लोगों ने अधिका. रियों से अपील की कि वे इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। साथ ही, उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जो गोवंशों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं होती हैं।

# लाउडस्पीकर व मीट की दुकानों को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसडीएम ऑफिस पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने प्रदर्शन करते हुए मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज नियंत्रित करने और प्रदेश सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की मांग की है। वही हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अत्यधिक तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाते हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण फैलता है और विभिन्न तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कहां कि सरकार के निर्देशों के बाद भी इस तरह से लाउडस्पीकरों का अत्यधिक आवाज में बजाना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम बागपत



अमरचंद वर्मा से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और पदा. धिकारी ने कहा कि बागपत शहर में प्रतिबंधित तरीके से मीट की दुकान खुली हुई हैं जिन पर तेजी से कार्रवाई होने की जरूरत है और प्रतिबंधित तरीके से मीत बेचा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द ही लाउडस्पीकर पर कार्रवाई और मीट की दुकान बंद नहीं होती है तो बजरंग दल इन्हें स्वयं बंद करने का काम करेगा। पहले वह प्रशासन के पास आए हैं। प्रशासन इस मामले में शख्ती से कार्रवाई करें नहीं तो धरना प्रदर्शन और अन्य माध्यम से प्रशासन को जगाने का कार्य किया जाएगा।

# पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने दी बधई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से जनप्रिय सांसद पंकज चौधरी को उनके दिल्ली आवास पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उन्हें भाजपा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं जनपद बागपत की पहचान किसानों के गन्ने से बना गुड़ भेंट किया। उन्हें जनपद बागपत की पावन धरती पर आगमन का निमंत्रण दिया और कहा कि आपके प्रदेश अध्यक्ष बनने से भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्त्ता एक नए जोश के साथ



आपका स्वागत जनपद की पावन धरा पर किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जल्दी कार्यक्रम बनाकर बागपत आगमन का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र शर्मा, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री अनुज चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा डाक्टर पवन शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कल्याण ट्रस्ट पे काकोरी काण्ड के हिरो दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को काकोरी काण्ड के हिरो महान क्रांतिकारी पं. राम प्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां तथा ठा.रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

राष्ट्र वंदना चौक पर स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमाओं पुष्पांजली अर्पित करने से पूर्व वात्सायन पैलेस में आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट के सदस्यों ने अमर शहीदों की सहादत को अविस्मरणीय बताया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कुंवर महासिंह चौहान ने कहा कि इन अमर बलिदानियों की बदौलत ही देश को आजादी मिली है। राष्ट्र वंदना मिशन के जिला संयोजक देवेन्द्र आर्य एडवोकेट ने बताया कि 19दिसम्बर 1927को अंग्रेजों द्वारा काकोरी काण्ड के



क्रान्ति कारियों पद्दराम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर, अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद, और ठा. रोशन सिंह को प्रयाग राज की जेलों में फांसी दी गई थी। ट्रस्ट के संरक्षक प.राजपाल शर्मा व कोषाध्यक्ष राक. ेश मोहन गर्ग ने आज के दिन को बलिदान, साहस और राष्ट्र प्रेम के अध्याय का दिवस बताया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए और अधिक दृढ़ता से कार्य करने की शपथ ली। कार्य क्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष कुंवर महासिंह चौहान तथा संचालन राकेश मोहन गर्ग ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष शिक्षिविद कुंवर महासिंह चौहान, संरक्षक प.राजपाल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग, प.राधेश्याम शर्मा, मैनेजर राजेन्द्र शर्मा, राजेश्वर सिंह चौहान, राजेन्दर यादव, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा सैलटैक्स, सभासद मोन्टी चौहान, मान सिंह पाल, अमरनाथ शर्मा, जुबेर मलिक आदि उपस्थित रहे।

# अशरफ व इस्लाम को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय पशु क्रूरता अधिनियम में रामपुर के अशरफ अली एवं मुरादाबाद के इस्लाम को पांच-पांच वर्ष के कारावास एवं 5050 रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद पुलिस ने 6 सितंबर सन् 2013 को डंपर में 12 बैलों को भरकर ले जाने के दौरान जनपद रामपुर के थाना टांडा अंतर्गत ग्राम गागन नगला निवासी अशरफ अली पुत्र अमीन और जनपद मुरादाबाद के ग्राम करणपुर की मंडियों निवासी इस्लाम पुत्र बबबी को गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ थाना नजीबाबाद में वरिष्ठ उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने धारा 307 वह 420 सहित गोवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 34 की वृद्धि की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में पुलिस ने प्रभावी पैरवी की थी। जिसकी वजह से न्यायालय ने आज धारा 307 व 34 आईपीसी एवं गोवघ अधिनियम वह पशु क्रूरता अधिनियम में पांच-पांच वर्ष के कारावास और 5050 रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

# एडीजी मेरठ का अचानक निरीक्षण, पैदल मार्च से परखी जमीनी हकीकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शुक्रवार दोपहर मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने कैराना कोतवाली का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की हकीकत को परखा। उनके अचानक पहुंचने से पुलिस महकमे में हलचल मच गई। आगमन पर पुलिस बल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद एडीजी ने अधिकारियों व जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च कर सुरक्षा इंतजामों और कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस की सांसें फूली रहीं।



शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान एडीजी चौक बाजार स्थित किला गेट चौकी पहुंचे। यहां चौकी की टूटी पुलिया और अव्यवस्थित परिसर देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराने, साफ-सफाई दुरुस्त रखने और चौकी की व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि पुलिस चौकियों की बदहाली किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी।इसके पश्चात एडीजी सिद्धपीठ मंदिर के पास स्थित गौशाला पहुंचे। वहां गंदगी और अव्यवस्था देखकर कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने पशुओं की नियमित साफ-सफाई, समय पर चारा-पानी और समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी अरविंद सिंह और पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के साथ एडीजी ने गौशाला में मौजूद दुधारू गायों को गुड़ भी खिलाया।पैदल मार्च के बाद एडीजी दोबारा कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। कोतवाली के भोजनालय में बैठने की समुचित व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

ई-मालखाने के निरीक्षण में जब्त माल के रख-रखाव पर संतोष जताया गया, जबकि परिसर में लंबे समय से खड़े जब्त वाहनों पर नारा. जगी व्यक्त करते हुए शीघ्र नीलामी की प्रक्रिया पूरी कराने के आदेश दिए।एडीजी मेरठ जोन ने अधिका. रियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखा जाए और कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने प्रत्एक पुलिस चौकी पर होमगार्डों की तैनाती तथा पुलिस बल की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

डिटेंशन सेंटर बनाए जाने और एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर एडीजी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया आरओ, डीएम, एआरओ, एसडीएम, राजस्व अधिकारी और बीएलओ के माध्यम से संचालित की जा रही है। किसी भी आपत्ति या प्रकरण की स्थिति में पुलिस को संदर्भित कर वैधानिक कार्रवाई की जाती है।कोहरे के मद्देनजर एडीजी ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने, गति सीमा का पालन कराने और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह, पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार, क्षेत्राधिक. ारी श्याम सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री, किला गेट चौकी प्रभारी विनोद राघव सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेस 5 के तहत थाना थानाभवन क्षेत्र में जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत कस्बा थाना भवन में मिशन शक्तिध्एंटी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उप निरीक्षक प्रमोद कुमार एवं महिला आरक्षी रविता चौधरी ने बालिकाओं को सरकारी योजनाओं, टोल फी हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इसी क्रम में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत मिशन शक्तिध्एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा जूनियर हाई स्कूल चंदेनामाल, थाना थानाभवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार एवं महिला आरक्षी रविता चौधरी ने बालिकाओं, बालकों तथा अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक करते हुए हदंड से न्याय की ओरह विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में जानक. ारी दी गई।

इसके अतिरिक्त बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओंकृबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजनाकृके बारे में भी अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सरकारी सहायता के प्रति सजग बनाना रहा।



# तालाब पर निर्माण को प्रशासनिक टीम ने रोका, अड़े ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लव्वादाउदपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण की शिकायत पर राजस्व लेखपाल ने पुलिसबल की मौजूदगी में निर्माण कार्य को रूकवाया व निर्माण कर बनाए गए मुख्य गेट को गिराया गया। वही दूसरी शिकायतकर्ता पक्ष ने मांग की है कि विभागीय अधिकारी पूर्ण निर्माण को गिराए,जिसको लेकर दो पक्षो मे तनावपूर्ण हालात बने रहे।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर में खसरा संख्या 258 तालाब के लिए आरक्षित है। जिसकी कुल भूमि मे से करीब दो बीघा भूमि पर लोगो ने कब्जा करके निर्माण कर लिया। गुरूवार को रामबीर व ओमबीर पुत्रगण कश्मीर सिंह ने तालाब की भूमि को घेरकर निर्माण करना शुरू कर दिया। गांव के दूसरे पक्ष ने जिलाधिकारी शामली को अवैध कब्जे की शिकायत कर दी। जिस पर राजस्व लेखपाल श्यामबीर सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुॅचे और ग्रामीणों की शिकायत पर अवैध निर्माण को रूकवाया गया। साथ ही प्रशासनिक टीम ने निर्माण मे लगाए गए गेट को भी खुदबुर्द कर गिराया दिया। लेकिन शिकायतकर्ता इस बार से भी राजी नही हुए और जेसीबी से सम्पूर्ण निर्माण को गिराने की मांग करने लगे। इस पर ग्राम प्रधान राजी नही हुए। शुक्रवार को भी ग्रामीण निर्माण को गिराने की मांग कर शिकायत करते रहे। लेखपाल श्यामबीर सिंह ने बताया कि निर्माण को गिराने के लिए ग्राम प्रधान को कहा गया था लेकिन उन्होने कोई कार्यवाही नही की। वही जो निर्माण पूर्व मे हुए है,उनकी कोई शिकायत नही की गई थी।

गंगारामपुर मे एक रिटायर फौजी की विधवा के घेर की दीवार को जबरण गिरा दिया गया और रास्ते बनाने की प्रयास किया गया। आरोप है कि विरोध पर मारपीट की गई और बंदूक लेकर पीछे भागे,ताकि जान से मारा जा सके। घटना गुरूवार की रात्रि की है। पीडित परिवार रात्रि मे ही पुलिस चौकी पहुॅचा और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई।

## नालों पर अतिक्रमण बना जल निकासी में बाधा, नगर पालिका ने भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बने नालों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण नालों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। कस्बा निवासी इनाम, शहजाद, खुर्शीद, रिजवान, शाहिद, आदि लोगों का कहना है कि नालों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण गंदा पानी सड़क पर फैलने लगता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद से शीघ्र नाला सफाई कराने की मांग की है।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद ने मामले में गंगेरू मार्ग पर नालों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए। नोटिस में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित दुकानदार दो दिन के भीतर नालों से अतिक्रमण हटा लें, ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके।नगर पालिका परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो पालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पालिका की ओर से जबरन अतिक्रमण हटाकर नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं की होगी। मुख्य लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को दो दिन का अल्टीमेटम देकर नोटिस भेजा गया है। अतिक्रमण नहीं हटने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 300 दंगा पीड़ित परिवारों का जुटाया गया रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद विस्थापित होकर कैराना में आकर बसे दंगा पीड़ित परिवारों के सत्यापन के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। कोतवाली कैराना क्षेत्र के ग्राम भूरा रोड स्थित नाहिद कॉलोनी में पुलिस टीम ने घर-घर पहुंचकर परिवारों का विवरण एकत्र किया।

सत्यापन के दौरान प्रत्येक परिवार के सदस्यों के नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर दर्ज किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ करना तथा पुलिस रिकॉर्ड को अद्यतन रखना है।बताया गया कि मुजफ्फरनगर दंगों के बाद बड़ी संख्या में विस्थापित परिवार कैराना में आकर बस गए थे। वर्तमान समय में नाहिद कॉलोनी में लगभग 300 परिवार निवास कर रहे हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने कॉलोनीवासियों से सहयोग की अपील की, जिस पर स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से पूरा सहयोग किया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सत्यापन अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है और किसी भी आपात स्थिति में आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके। सत्यापन अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

## एक नजर

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर हुई महा आरती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सभी भक्तों ने संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल अनिल रेनू बंसल जीवन लाल अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल नीतू बंसल नरेंद्र गोयल आदि भक्त मौजूद रहे।

### पड़ोसी युवक ने गर्भवती को ईंट मार कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी युवक ने एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी वसीम ने बताया कि उसकी बहन गुलफशा, घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसके पड़ोस के युवक ने पीड़ित व उसकी बहन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपी ने ईंटों से पथराव किया आरोपी द्वारा किए गए पतराव से एक ईंट पीड़िता की बहन को लग गई जो की तीन माह की गर्भवती है। शौर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। और पीड़ितो ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### एएमडी लिस्ट के सत्यापन को लेकर बीएलए की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा तैयार की गई एएमडी लिस्ट के सत्यापन को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए की बैठक जिला कैंप कार्यालय भैंसवाल में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो। सुधीर पंवार ने बीएलए से अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची का गंभीरता से परीक्षण करने को कहा। उन्होंने बताया कि कई बूथों पर स्थानांतरित व अनुपस्थित दर्शाए गए मतदाताओं की संख्या असामान्य है और बीएलओ पर समयबद्ध कार्य के दबाव के चलते गड़बड़ियां सामने आई हैं। प्रो। पंवार ने कहा कि बीएलओ की सूचियों में लगभग 18 प्रतिशत मतदाता कम होना चिंताजनक है। बूथ संख्या 225 का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां 379 मतदाता हटाए गए हैं, जबकि उनमें से कई गांव में मौजूद हैं। मांगेराम प्रधान सिलावर ने कहा कि शिफ्टेड वोटरों में मुस्लिम व अनुसूचित वर्ग के नाम अधिक हैं, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एक करोड़ की स्मैक संग तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान हऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह के तहत थाना कैराना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 507 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रूपए बताई जा रही है।



शुक्रवार को कैराना पुलिस ने पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में की गई।कोतवाली कैराना पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी मनव्वर पुत्र युसुफ, निवासी ग्राम गोगवान, थाना कैराना, जनपद शामली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 507 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना कैराना पर मुकदमा संख्या 795/2025, धारा 8.21.29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी के मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके। बरामदगी को नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे चालान कर जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज, हेड कांस्टेबल गौरव कुमार और कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे।

# मातृ शक्ति के सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव मुड़ेट कलां स्थित भारती पब्लिक स्कूल परिसर में छात्रों के उत्कर्ष परिणाम तथा महिला शक्ति व मातृ शक्ति के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ विनय तिवारी ने किया। उन्होंने छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में महिला शक्ति और मातृ शक्ति के योगदान को सम्मानित किया गया। मौके पर समाजसेवी वीना अग्रवाल, वन स्टॉप सेंटर संचालक गजाला त्यागी, रूबी चौधरी ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और समाज की नींव महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष रूप से बाल विवाह पर रोक जैसे सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटक ने उपस्थित लोगों को गहरा संदेश दिया।




# मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिलाओं व बालिक. ाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना की मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान टीम ने सरकारी अस्पताल, मुख्य चौराहों, बाजारों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।



मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं हेड कांस्टेबल मिथिलेश सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, उत्पीड़न या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। टीम ने सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला एवं बाल सुरक्षा हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीम ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में उनके सम्मान को सुनिश्चित करना है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं ने रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की और पुलिस द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। मिशन शक्ति टीम ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।

# दूषित पेयजल की सप्लाई, आक्रोश हंगामे के बाद नगर पंचायत ने भेजा नया टैंकर






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत द्वारा विभिन्न मोहल्लों में दूषित पेयजल की आपूर्ति के गंभीर आरोपों के बीच पूरा कस्बा आक्रोशित है। पानी के दूषित टैंकर को हटाने और दूसरा टैंकर भेजने के नगर पंचायत के कदम के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले एक सप्ताह से मुख्य पेयजल टंकी की मरम्मत के चलते नगर पंचायत द्वारा अलग-अलग इलाकों में टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। कस्बे के निवासियों ने आरोप लगाया कि इन टैंकरों में आपूर्ति किया जा रहा पानी पीने लायक नहीं है और वह गंदा व दूषित है। स्थानीय निवासी अनिल मास्टर, विपिन, नौशाद, अनिकेत, रिहाना व फरजाना सहित कई लोगों ने बताया, की कई दिनों से दूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। नगर पंचायत अध्यक्ष की कार्यशैली पहले भी विवादों में रही है। आए दिन उनके कार्यों से कस्बावासियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। कुछ दिन पहले ही नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सफाईकर्मियों के साथ बदतमीजी करने को लेकर सफाई कर्मियों ने एक सप्ताह से भी ज्यादा कस्बे में सफाई व्यवस्था ठप कर दी थी जिस कारण कस्बे की गलियों में गंदगी के ढेर लग गए थे।जैसे काबेवासियों का घरों से निकलना दूभर हो गया था। अब पेयजल आपूर्ति को लेकर यह नया मामला सामने आने से स्थिति और गंभीर हो गई है। इस मुद्दे पर पूरे कस्बे में चर्चा है और कस्बेवासी नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद नगर पंचायत ने दूषित पानी के टैंकर को हटाकर दूसरा टैंकर भेजा और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की। हालांकि, निवासी अब भी स्थाई समाधान और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# तीन करोड़ की ठगी में शामिल युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने निवेश के नाम पर तीन करोड़ रुपये की ठगी के मामले में शुक्रवार को बदायूं से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसका मोबाइल भी कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी के दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों एक महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक व्यक्ति से दोस्ती की। उसे कारोबार में मुनाफा कमाने का झांसा दिया। फिर निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।




विवेचना में तेजपाल और रुपेंद्र के नाम ठगी में सामने आए। पुलिस ने बीते दिनों को दोनों को उनके निवास स्थान से दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने एक अन्य साथी बदायूं निवासी 20 वर्षीय आमेंद्र शाक्य के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को आमेंद्र को उसके निवास स्थान से दबोच लिया। पूछताछ में आमेंद्र ने बताया कि उसके पड़ोस के गांव में ही तेजपाल रहता है। उसका संपर्क मुंबई के उन लोगों से है, जो निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह से सीधे जुड़े हैं। मुंबई में बैठे लोग करंट खाता उपलब्ध कराने के बदले लोगों को भारी भरकम कमीशन देते हैं। उनकी तरफ से बताया जाता है कि लोग अपना करंट खाता उन्हें उपलब्ध कराकर अच्छी कमाई कर सकते हैं। इन्हीं खातों में ठगी की रकम आती है। लालच में आकर आमेंद्र ने भी अपने काजगात जीएसटी फर्म बनवाने के लिए तेजपाल को दे दिए। तेजपाल द्वारा आमेंद्र के फर्म से संबंधित कागजात बनवाए गए। इन्हीं कागजात का इस्तेमाल कर आमेंद्र ने बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक में खाता खुलवाया। खाते में ठगी के एक करोड़ आए आमेंद्र अपने फर्म के नाम से खुले खाते को लेकर तेजपाल के दोस्त रूपेंद्र के साथ मुंबई गया। खाता खोलने के लिए आमेंद्र को 50 हजार रुपये वहां दिए गए। वह मुंबई में सात दिन तक रहा। एक सप्ताह बाद उसे 50 हजार रुपये और दिए गए।

इस प्रकार आमेंद्र को अपने करंट खाते के बदले एक लाख रुपये मिले। विवेचना के दौरान सामने आया कि आमेंद्र से संबंधित खाते में एक करोड़ रुपये आए। सारी रकम ठगी की थी। खाते को जब एनसीआरपी पोर्टल पर चेक किया गया तो उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में उस पर पांच शिकायत दर्ज मिलीं। आमेंद्र ने अपने कुछ अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# रेस्तरां-बार की लगातार जांच, नए साल के जश्न से पहले हर विभाग से लेनी होगी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में इस बार 25 दिसंबर और नए साल के जश्न को लेकर तैयारी कर रहे होटल, रेस्टोरेंट, बार और अन्य स्थान के मालि. कों को सभी विभागों से मंजूरी लेनी होगी। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो इस साल यह जश्न खटाई में पड़ सकता है और उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है।

गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक आदेश जारी कर यह साफ कर दिया है कि ऑनलाइन आवे. दन करने के साथ-साथ जीएसटी जमा कराकर कार्यक्रम की अनुमति लेनी होगी। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, जगह-जगह 25 दिसंबर और नए साल को लेकर मेले, प्रदर्शनियां, झूले और मनोरंजन गति. विधियों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिनमें खेलकूद की प्रतियोगिताएं भी होंगी। अधिकारियों के मुताबिक इस तरीके के कार्यक्रमों के लिए अनुम. ति लेनी होगी। उत्तर प्रदेश चलचित्र विनियमन संशोधन अधिनियम 2017 के तहत अनुमति दी जाएगी। निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विद्युत व अग्नि सुरक्षा, कानून व्यवस्था से लेकर अन्य सभी इंतजाम करने पड़ेंगे।

दरअसल गोवा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद नोएडा जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। शहर में संचालित रेस्तरां और बार की सुरक्षा को लेकर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिलेभर के संबंधित विभागों की संयुक्त टीम भी गठित की गई है, ताकि सुरक्षा, फायर, बिजली और आबकारी से जुड़े सभी नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके। जांच अभियान में बिजली विभाग, फायर विभाग और आबकारी विभाग की टीमें शामिल हैं। अधिकारियों द्वारा रेस्तरां और बारों में फायर फाइटिंग इक्विपमेंट, आपात स्थिति में एंट्री-एग्जिट व्यवस्था, इलेक्ट्रिक वायरिंग और बार की एनओसी की गहन जांच की जा रही है। नोएडा शहर में कुल 163 रेस्तरां-बार संचालित हैं, जिन सभी को नियमों के दायरे में लाने के निर्देश दिए गए हैं। फायर विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में नियम बेहद सख्त हैं और टेंट में बार संचालन की अनुमति नहीं है। जांच के दौरान यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित संचाल. कों को नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं, गंभीर मामलों में बार लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। आगामी 25 दिसंबर और 1 जनवरी के जश्न को देखते हुए प्रशासन पहले से ही संचालकों को जागरूक कर रहा है। अधिकारियों ने साफ निर्देश दिए हैं कि इलेक्ट्रिक फायर क्रैकर्स का किसी भी स्थिति में इस्तेमाल न किया जाए। इस संबंध में बार और रेस्तरां संचालकों से सीधे संवाद भी किया जा रहा है।

## स्मार्ट टॉयलेट देख रह जाओगे हैरान

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे शहर का पहला मॉडर्न सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। बड़ी जगह पर निर्मित इस शौचालय में सभी सार्वजनिक सुविधाएं आधुनिक स्तर की बनाई गई हैं। नोएडा पूरे देश में टॉयलेट मॉडल में संस्टेनबल प्रॉजेक्ट के तौर पर चुना गया था।

नोएडा में सभी पब्लिक टॉयलेट बगैर केंद्र और राज्य सरकार की सहायता के बनाए गए हैं। यही नहीं प्राधिकरण ने बहुत से पब्लिक टॉयलेट बीओटी के आधार पर बगैर अपने खर्च के बनवाए हैं। इनकी देखरेख भी बनवाने वाली एजेंसियां ही कर रही हैं। बदले में प्राधिकरण ने एजेंसियों को प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति दी है। इस तरह बगैर किसी खर्च के शहर के पब्लिक टॉयलेट चल रहे हैं।

# ग्राहकों से जालसाजी करने वाले ज्वेलर का साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-142 थाना पुलिस ने ग्राहकों को नकली सोना बेचने और रुपये ठगने के मामले में ज्वेलर के साथी को ऋषिकेश से गिरफ्तार किया। ज्वेलर और उसका एक साथी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। आरोपी 50 से अधिक ग्राहकों से करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। सेक्टर-142 थाना पुलिस के मुताबिक सुपरटेक इको सोसाइटी में रहने वाले पीड़ित ने 27 सितंबर 2025 को सोसाइटी की मार्केट में ज्वेलर की दुकान करने वाले विजय, उसके सहयोगी नितिन और शिवाशीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। आरोप था कि उनकी पत्नी ने उन्हें सोने का मंगलसूत्र देकर दूसरा मंगलसूत्र बनवाने के लिए दिया था।



इसके बाद आरोपी उनके सोने का मंगलसूत्र और रुपये लेकर भाग गए। पुलिस की छानबीन में पता चला कि ज्वेलर और उसके दोनों साथी काफी ग्राहकों से ठगी कर चुके हैं।

कई ग्राहकों को नकली सोने के गहने भी दिए। आरोपी गाजियाबाद में दुकान खोलकर इस तरह की घटना करके आए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और कार्रवाई कर मुख्य आरोपी ज्वेलर विजय और उसके सहयोगी नितिन को गिरफ्तार किया। इस घटना में शिवाशीष फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी शिवाशीष को ऋषिकेश से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरा. पी शिवाशीष दिल्ली का रहने वाला है। कोतवाली प्रभारी ने बताया मुख्य आरोपी ज्वेलर आरोपी के खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर करता था। पुलिस इस गिरोह द्वारा की गई ठगी के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## एक नजर

### डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेनो वेस्ट के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण और प्लाटिंग करने के मामले में महिला और उसके दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। डूब क्षेत्र में निर्माण कार्य पर रोक है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक मनोज कुमार ने बिसरख थाने में लिखित शिकायत दी कि बिसरख जलालपुर के खसरा संख्या-112 की भूमि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है। एक किसान परिवार ने इस खसरा संख्या पर अवैध रूप से प्लाटिंग की है और पक्का निर्माण भी कर लिया है। अब एक बार फिर यहां अवैध निर्माण किया जा रहा है। जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। आरोपी भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाकर प्लॉट बेच रहे हैं, जबकि डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण करना अवैध है। अवैध निर्माण को रोकने के लिए नोटिस बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद यहां अवैध निर्माण चालू है। पुलिस ने इस मामले में राजकली और उसके दो बेटे रविंद्र और लीलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-125 क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने बुलेट में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। उसके दोस्त का इलाज चल रहा है। वाराणसी के हरि तीरथ निवासी राजेश कुमार यादव ने सेक्टर-126 थाने में शिकायत दी कि उनका बेटा सुधांशु यादव 26 नवंबर को अपने दोस्त अंकित सिंह के साथ बुलेट पर सवार होकर जा रहा था। रात करीब 11:45 बजे एमिटी यूनिवर्सिटी के पास एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने सुधांशु की बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट सवार दोनों युवक दूर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। 18 दिसंबर की सुबह करीब साढ़े पांच बजे उपचार के दौरान सुधांशु की मौत हो गई। बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद पिता ने थाने में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस आरा. पी चालक और उसके वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### आरडब्ल्यूए पानी का छिड़काव करा रही

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सेक्टर और सोसाइटी में पानी का छिड़काव करा रही है। सुबह झाड़ू लगाने से पहले पानी का डाला जा रहा है, ताकि धूल नहीं उड़े। शहर की 15 से अधिक आरडब्ल्यूए ने यह मुहिम शुरू की है। लोगों को प्रदूषण न फैलाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा। सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि शुक्रवार को सामुदायिक और सड़कों के किनारे पानी का छिड़काव कराया गया। इस मुहिम को देखकर अन्य लोग भी आगे आए। सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने अपने सेक्टर में पानी का छिड़काव कराया।

सफाई अभियान भी चलाया, ताकि सफाई के दौरान धूल-मिट्टी नहीं उड़े। सेक्टर में पौधे भी लगाए। सेक्टर-100 स्थित सेंचूरी अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि सेक्टर में बीते कुछ दिनों से नियमित पेड़ों के ऊपर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पेड़-पत्तियों पर धूल-मिटटी जमी होती है। ऐसे में हवा चलने पर धूल भी उड़ रहती है। इससे प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। सोसाइटी में टावर की छत से भी पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसी तरह शहर की 15 से 20 सेक्टर और सोसाइटी के आरडब्ल्यूए बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए कार्य कर रही है।

**लोगों को स्वयं होना होगा जागरूक:** सेक्टर-105 बी पॉकेट एचआईजी सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ओमवीर सिंह बंसल ने बताया कि लोगों की जागरुकता से ही बढ़ते प्रदूषण को कम किया जा सकता है। आरडब्ल्यूए सदस्य लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। मौसम लोगों को बढ़ते प्रदूषण के प्रति चेतावनी भी दे रहे।

# गौड़ सिटी सोसाइटी के लोग मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित गौड़ सिटी सोसाइटी के निवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। निवासियों ने बिल्डर पर मनमानी का आरोप लगाया है। अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को सोसाइटी के लोगों ने एक बैठक की।

बैठक में निवासियों ने बताया कि बिल्डर उनसे अनावश्यक रखरखाव शुल्क वसूल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिल्डर रेरा और कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है। बिल्डर प्रबंधन 'कॉन्ट्रैक्शन पेनल्टी' के नाम पर लाखों रुपये की मांग कर रहा है। पेनल्टी का भुगतान न करने पर बायर्स को एनओसी और बिजली कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। सोसाइटी में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। कई स्थानों पर सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है। सड़कें टूटी हुई हैं, नालियों का निर्माण नहीं हुआ है और पाइपलाइन जैसे आवश्यक कार्य भी अधूरे पड़े हैं। निवासियों को बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन बिल्डर प्रबंधन उनकी समस्याओं को सुनने या उनका समाधान करने को तैयार नहीं है। बायर्स ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बिल्डर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए कोर्ट का रुख करेंगे।

## ट्रांसपोर्टर के हत्यारे को आजीवन कारावास

**ग्रेटर नोएडा।** जिला अदालत ने ट्रांसपोर्टर अजीत सिंह की हत्या के मामले में राघवेंद्र त्रिपाठी उर्फ राघव को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माने भी लगाया। जुर्माना न भरने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एडीजीसी क्राइम रतन सिंह भाटी ने बताया कि मामला 15 मई 2019 का है। ग्रेटर नोएडा निवासी अजीत सिंह अपनी कार में सवार होकर सेक्टर ज्यू-3 निवासी राघवेंद्र त्रिपाठी के साथ बुलंदशहर गए थे। अजीत सिंह खेत के ठेके के रुपये लेने के लिए गए थे। इसी दिन शाम को अजीत के बेटे सोनू भाटी के फोन पर राघवेंद्र के मोबाइल नंबर से फोन आया और उसने बताया कि उनके पिताजी नहीं मिल रहे।

# नोएडा के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## पुलिस ने बम स्कवॉयड बुलाकर कैंपस की तलाशी ली, कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के दो प्राइवेट स्कूलों को शुक्रवार को सुबह बम से उड़ाने की धमकी वाला एक ई-मेल मिला। स्कूल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस फौरन बम स्कवॉयड टीम को लेकर स्कूल पहुंची। स्कूल में छुट्टी कर दी गई। स्टाफ को बाहर करके परिसर की तलाशी ली। करीब एक घंटे तक ये सर्च ऑपरेशन चला। मौके से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। एहतियातन दोनों स्कूलों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। पुलिस अब मेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी है।



जॉइंट सीपी राजीव मिश्रा ने बताया- आज सुबह करीब 10:15 बजे शिव नादर और एमिटी स्कूल से फोन आया था। जिसमें बताया गया कि स्कूल को आज मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही बम निरोधी दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर सर्च ऑपरेशन चलाया। क्लास रूम, लाइब्रेरी से लेकर पार्किंग तक की तलाशी ली गई लेकिन मौके से कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शुरुआती जांच में मेल फर्जी पाया गया।

# तीसरे दिन भी श्रीमद्भागवत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर-19 स्थित शनि मैदान, नोएडा में आयोजित विशाल श्रीमद्भागवत कथा भव्य रूप से चल रही है। श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने तृष्णा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।



महाराज श्री ने बताया कि तृष्णा तीन प्रकार की होती -

प्रथम, लोकेषणा - जिसमें व्यक्ति सदैव अपनी जय-जयकार की कामना करता है।

द्वितीय, पुत्रेषणा -जिसमें संतान, विशेषकर पुत्र प्राप्ति की इच्छा होती है।

तृतीय, वित्तेषणा -जिसमें व्यक्ति निरंतर धन की कामना करता रहता है।

उन्होंने आगे बताया कि बुद्धि अर्थात मति के भी चार प्रकार होते हैं-

प्रथम मति -जिसमें अपना कार्य अवश्य बने, परंतु दूसरे का बने या न बने, इसकी चिंता नहीं होती।

द्वितीय सुमति -जिसमें अपना भी कार्य बने और दूसरों का भी कार्य बने, ऐसी सर्वकल्याण की भावना होती है।

तृतीय महामति -जिसमें स्वयं का कार्य भले ही बिगड़ जाए, परंतु दूसरे का कार्य प्रभु की कृपा से अवश्य बनना चाहिए।

चतुर्थ मंदमति -जिसमें यदि स्वयं का कार्य बिगड़ जाए तो दूसरे का भी कार्य नहीं बनना चाहिए, ऐसी दुर्भावना होती है।

महाराज श्री ने बिहारी जी महाराज के श्याम वर्ण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु स्वयं कहते -जब भक्त मेरे मंदिर में दर्शन हेतु आते हैं, तो मैं उनके अर्जित पापों का समूल नाश कर देता हूँ, इसलिए मेरा रंग श्याम है। ईश्वर साकार भी हैं और निराकार भी तथा भक्तों की भावना के अनुरूप वे तदाकार हो जाते हैं।

ताली के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जब भक्त भगवान के कीर्तन-भजन में ताली बजाते हुए नृत्य करता है, तो उसे प्रसन्नता, संपन्नता एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

आज की कथा में भीष्म पितामह प्रसंग, परीक्षित जन्म कथा, परीक्षितदृकलियुग संवाद, परीक्षित श्राप तथा ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

"तुम ही मेरे और सब पराये,
काम पड़ा तो तुम ही काम आये,
राम नाम के हीरे मोती,
मैं बिखराऊँ गली-गली"

जैसे सुमधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे और राधे-राधे के जयकारों से सम्पूर्ण कथा पंडाल गूंज उठा।

## प्राधिकरण अधिकारी का गंदगी मिलने पर चढ़ा पारा, दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण) के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एके अरोड़ा द्वारा शुक्रवार को सेक्टर-94, 124, 125, 150 और 151 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर साफ-सफाई में गंभीर लाप. रवाही सामने आई, जिस पर संबंधित ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में सेक्टर-94 में पुस्ता रोड और एक्सप्रेस-वे से जुड़े मार्गों के फुटपाथों पर जमी धूल पाई गई।

अधिकारियों ने टैंकर से पानी का छिड़काव कर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। वहीं सेक्टर-125 में उद्यान विभाग द्वारा पेड़ों की छंटाई के बाद कटी टहनियों और कचरे को समय से न हटाने पर नाराजगी जताई गई और दो दिन में पूरी सफाई कराने को कहा गया। सेक्टर-151 पार्ट-बी में सफाई के लिए कोई अनुबंध न होने का मामला सामने आया, जिस पर तत्काल आगणन तैयार कराने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-150, 151 और 152 की मुख्य सड़कों पर घास उगी होने, मिट्टी और कचरे के ढेर मिलने से यह स्पष्ट हुआ कि नियमित सफाई नहीं हो रही है।

इस लापरवाही पर ठेकेदार एम/एस न्यू मॉडर्न एंटरप्राइजेज पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और सात दिन में 'बिफोर-आफ्टर' फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह सेक्टर-151 और 152 में एनपीएक्स बिल्डिंग के पास नालियों में भारी मात्रा में सिल्ट जमा मिली। नालियों की सफाई न होने पर ठेकेदार एम/एस संजय शर्मा पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# भूखंड आवंटन के बाद रजिस्ट्री के लिए भटक रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने भूखंड आवंटन के बाद रजिस्ट्री न कराने वाले 130 आवंटियों पर कार्रवाई की तैयारी की है। वहीं, कई आवंटी आवंटन के पांच वर्ष बाद भी रजिस्ट्री के लिए भटक रहे। कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें आवंटी रजिस्ट्री कराना चाहते हैं, लेकिन प्राधिकरण स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही। ऐसा ही एक मामला मेटालिक इम्प्रेसंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का है। यीडा ने जनवरी 2020 में सेक्टर-33 में कंपनी को औद्योगिक प्लॉट संख्या 107 आवंटित किया था। आरोप है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कंपनी को भूखंड पर कब्जा नहीं दिया गया।

जबकि, कंपनी की ग्रेनो में पहले से औद्योगिक इकाई संचालित है। कंपनी का कहना है कि इस देरी के कारण उसका नया प्रोजेक्ट काफी पीछे चला गया है। उसे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ऐसे एक या दो नहीं, बल्कि कई मामले हैं। यीडा के ओएसडी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। एक सप्ताह के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर रजिस्ट्री कराई जाएगी, जिसके बाद आवंटी को प्लाट पर कब्जा दे दिया जाएगा।

# ओटीएस का 400 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं और बिजली चोरी के संलिप्त उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चल रही है। योजना के तहत शुक्रवार को जिले में 24 स्थानों पर शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 400 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराके योजना का लाभ उठाया। इसी तरह बिजली चोरी में संलिप्त 10 लोगों ने भी योजना के तहत पंजीकरण कराके योजना का लाभ उठाया। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्यिक) रितेश आंदन ने बताया कि जिले में छह शिविर दादरी क्षेत्र में, छह शिविर जेवर क्षेत्र में, छह शिविर नोएडा क्षेत्र में और छह शिविर ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लगाए गए।

इन शिविरों में 400 बकायेदारों ने पंजीकरण कराके करीब 80 लाख रुपये का राजस्व जमा किया। इसी तरह बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त 10 लोगों ने पंजीकरण कराके छह लाख रुपये का राजस्व जमा किया। उन्होंने बताया कि अभी तक 46 सौ बकायेदारों ने योजना के तहत पंजीकरण कराया है। इन बकायेदार उपभोक्ताओं से विद्युत निगम को आठ करोड़ रुपये प्राप्त हुए है। इसी तरह बिजली चोरी के मामलों में संलिप्त 170 उपभोक्ताओं ने योजना के तहत पंजीकरण कराया है। इनसे विद्युत निगम को करीब एक करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। ओटीएस योजना के पहले चरण के तहत 31 दिसंबर तक शिविर जारी रहेगा। इसी तरह क्रम से दूसरे और तीसरे चरण में फरवरी तक योजना लागू रहेगी।

# यमुना सिटी में जनवरी से जमीन खरीद शुरू

■ **लिंक एक्सप्रेस-वे और नई सड़कों से कनेक्टिविटी होगी मजबूत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यमुना सिटी और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए जनवरी से जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू करेगा। यह जमीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर और विभिन्न एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे और नए सड़क मार्गों के लिए अधिग्रहित की जाएगी। जमीन किसानों की आपसी सहमति से ली जाएगी।




प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, यमुना सिटी में 21 किलोमीटर लंबे सेक्टर रोड नेटवर्क के निर्माण के लिए 16 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। यह नेटवर्क यमुना सिटी को यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इससे औद्योगिक सेक्टर, प्रस्तावित फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच आसान होगी। प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई लगभग 74 किलोमीटर होगी, जिसमें से करीब 20 किलोमीटर हिस्सा यमुना सिटी क्षेत्र से गुजरेगा। इस परियोजना के लिए लगभग 740 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। जमीन खरीद और निर्माण पर करीब 1200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। जमीन अधिग्रहण पूरा होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट के चालू होने के बाद ग्रेटर नोएडा और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए नए एक्सेस रोड, फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने की योजना है।

इसके लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के विशेषज्ञों से अध्ययन कराया जाएगा, ताकि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर सड़कें विकसित की जा सकें। प्राधिकरण यह भी तय करेगा कि एयरपोर्ट जाने के लिए कौन-सी सड़कें मुख्य मार्ग होंगी, जिससे शहर के अंदर ट्रैफिक जाम की समस्या न बढ़े। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच हिंडन नदी पर नई सड़क का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह सड़क अप्रैल तक तैयार हो सकती है। इसके पूरा होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा आसान होगी, दूरी कम होगी और लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुए डीएम

## ब्लैक स्पॉट सुधार व ट्रॉमा सेंटर शीघ्र संचालन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को डीएम अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, नगर पालिका, एनएचएआई, शिक्षा विभाग एवं शुगर मिल प्रबंधन के अधिकारी तथा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक में डीएम अभिषेक पांडेय ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में ट्रॉमा सेंटर शीघ्र संचालित किए जाएं, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके। इसके साथ ही ब्लैक स्पॉट और नए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों बछलौता कट, शिवा ढाबा के पास, सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास, रामा मेडिकल कॉलेज के पास तथा एनएच-9 पर बाबूगढ़ से बक्सर कट और ततारपुर चौराहे पर एक सप्ताह के भीतर रिपिटेड बार एवं रम्बल स्ट्रिप लगाए जाएं। डीएम ने सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने के निर्देश दिए। यातायात पुलिस को थानावार क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के माध्यम से एनएच-9 दिल्ली-लखनऊ मार्ग पर 1 किमी, 8 किमी, थाना बाबूगढ़, पिलखुवा एवं गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रों में विशेष सुधार कार्य कर दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के आदेश दिए गए। बैठक में शुगर मिल प्रबंधन को भी निर्देशित किया गया कि 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों को हटाया जाए। साथ ही गन्ने की लदान बॉडी से ऊपर न की जाए और प्रत्येक ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लाल कपड़ा एवं रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगाया जाए, जिसकी व्यवस्था संबंधित चीनी मिलें स्वयं सुनिश्चित करें। अंत में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हापुड़ रमेश कुमार चौबे ने सभी उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की।

## हाइवे पर कोहरे के चलते तीन वाहनों की टक्कर, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गुरुवार देर रात घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में गाजियाबाद से मुरादाबाद की ओर जाने वाली लेन पर तीन वाहन आपस में टकरा गए। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात लगभग डेढ़ बजे कम दृश्यता के चलते आगे चल रही एक अर्टिगा कार से पीछे से आ रही दूसरी अर्टिगा कार टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक पिकअप वाहन भी चालक का नियंत्रण बिगड़ने से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से जा भिड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बताया गया कि देर रात क्षेत्र में अचानक घना कोहरा छा गया था, जिससे हाईवे




पर चल रहे वाहन चालकों को आगे की स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी। इसी कारण चालक समय रहते ब्रेक नहीं लगा सके और हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है और सभी वाहन सवार सुरक्षित हैं। फिलहाल हाईवे पर यातायात पूरी तरह सुचारू कर दिया गया है।

## डीएफसीसीआईएल की भूमि पर अतिक्रमण हटाने की तैयारी, किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने मेरठ-खुर्जा रेलवे लाइन के समीप मोहल्ला फूलगढ़ी में पानी की टंकी के पास स्थित रेलवे की अतिक्रमित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित रेलवे अधिकारियों को हापुड़ जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।



अंबाला यूनिट के चीफ जनरल मैनेजर पंकज कुमार गुप्ता और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के आईजी आरपीएफ आशीष सिन्हा के नेतृत्व में सिविल, सुरक्षा और आरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम में आरपीएफ निरीक्षक राकेश यादव भी शामिल रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान भूमि की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की। बताया गया कि उक्त भूमि पर पूर्व में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का मार्ग प्रस्तावित था, जिसके लिए रेलवे द्वारा भूमि स्वामियों को मुआवजा भी दिया गया था। बाद में मार्ग परिवर्तन होने के कारण यह भूमि खाली रह गई, जिस पर अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो गई। अब रेलवे मुजफ्फरनगर से खुर्जा तक स्थित ऐसी सभी भूमि को पुनः अपने कब्जे में लेने की योजना पर कार्य कर रहा है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन से वार्ता कर भूमि का चिन्हांकन कराया जाए और जल्द ही बाउंड्री निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा और भविष्य की परियोजनाओं को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। यह राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है, जिसमें सभी संबंधित विभागों के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

## महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों की सौंदर्यीकरण की मांग, कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नगरपालिका परिषद पहुंचे और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों ने अधिशासी अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की लंबे समय से उपेक्षा की जा रही है। ज्ञापन देते हुए राकेश त्यागी ने बताया कि अतरपुरा चौराहा स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा स्थल काफी समय से जर्जर



अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि नगर में महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है और उनकी नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, चौधरी चरण सिंह और डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की नियमित सफाई और देखरेख नहीं की जा रही, जिससे जनभावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि हर वर्ष 26 जनवरी को अतरपुरा चौराहा स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस द्वारा गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। ऐसे में गणतंत्र दिवस से पूर्व प्रतिमा स्थल की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मांग की कि 26 जनवरी से पहले पंडित नेहरू की प्रतिमा स्थल की मरम्मत कराई जाए तथा शहर में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** वीर बाल दिवस के अवसर पर डीएम अभिषेक पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के निर्देशानुसार बच्चों में साहस, सेवा, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक नागरिकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 18 दिसंबर से 26 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।




इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, धौलाना में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से वीरता, देशभक्ति और बलिदान से जुड़े विभिन्न भावपूर्ण चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा को देखते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टॉप-10 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से सोनिया सेंटर मैनेजर, रविता परामर्शदाता, सोनिया केसवर्कर, रिंकी पैरामेडिकल, राकेश सहित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस तरह के आयोजनों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

## चिकित्सक को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप, लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चिकित्सक व उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए एक चिकित्सक ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित चिकित्सक ने अपने ही कुछ रिश्तेदारों पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा निवासी डा. मोहम्मद जुबैर खान पुत्र हाजी मोहम्मद सिद्दीक ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह लंबे समय से चिकित्सा के क्षेत्र में रहकर जनसेवा कर रहे हैं। आरोप है कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आपसी वैमनस्य के चलते उनके कुछ रिश्तेदार उनसे दुश्मनी मान रहे हैं और उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़ित चिकित्सक के अनुसार गत माह 11 जनवरी 2025 को उन पर जानलेवा हमला भी किया गया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद 27 अगस्त 2025 को उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से उनके खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी गई, जो फिलहाल थाने में मीडिएशन के तहत लंबित है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मोहम्मद असलम तथा उसके सहयोगी उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित चिकित्सक ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाए जाने से बचाने की मांग की है।



## एक नजर

### पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों के पालन पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को हापुड़ पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने किया, जबकि नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।

अभियान के तहत नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, व्यस्त बाजारों और मुख्य सड़कों पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस कर्मियों ने वाहनों के कागजात, नंबर प्लेट, हेलमेट और काली फिल्म की विशेष रूप से जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को मौके पर ही रोका गया और उन्हें यातायात नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। बिना हेलमेट वाहन चला रहे दुपहिया चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के फायदे बताए गए और भविष्य में नियमों का पालन करने की अपील की गई। इसके साथ ही बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस ने घूम रहे युवकों से पूछताछ की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। पुलिस का मकसद चालान करना नहीं, बल्कि लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

### कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाज़ी पर यातायात पुलिस सख्त, दो कारों का काटा 31 हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया। वीडियो में दो कारों में सवार युवक खतरनाक तरीके से खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट करते नजर आए, जिससे न केवल उनकी जान को खतरा था बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती थी।

वीडियो सामने आते ही यातायात पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए संबंधित वाहनों की पहचान की और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों कारों का 15,500-15,500 कुल 31,000 का चालान किया है। यातायात प्रभारी छविराम ने बताया कि इस तरह की स्टंटबाजी कानूनन अपराध है और इससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात प्रभारी छविराम ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं और अपनी व दूसरों की जान को जोखिम में न डालें। यदि कोई भी वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रिलायंस रोड पर शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई। बताया गया है कि सड़क पार करते समय महिला को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 60 वर्षीय मुनेश पत्नी रामभूल, निवासी गांव भोवापुर, थाना पिलखुवा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुजुर्ग महिला सड़क पार कर रही थी, तभी अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य मंत्री वीरू सहानी का हापुड़ आगमन, कार्यकर्ताओं किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री वीरू सहानी शुक्रवार को हापुड़ पहुंचे। उनके हापुड़ आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ राज्य मंत्री का भव्य एवं जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और राज्य मंत्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

हापुड़ पहुंचकर राज्य मंत्री वीरू सहानी ने सबसे पहले कार्यकर्ताओं एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों से संवाद किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।



कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को उनके समक्ष रखा, जिस पर राज्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समाधान का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत करते हुए राज्य मंत्री वीरू सहानी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मत्स्य पालन से जुड़े लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से हजारों परिवारों को रोजगार मिला है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इस दौरान उन्होंने सर के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। राज्य मंत्री ने कहा कि विपक्ष तथ्यहीन आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, जबकि प्रदेश की जनता सरकार के कार्यों से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर सरकार दोबारा जनता का विश्वास जीतने में सफल होगी। इस अवसर पर महावीर आर्य, यशपाल कश्यप, डाक्टर हरीश कश्यप, अनुज कश्यप, मनोज कश्यप, सौरभ कश्यप, दीपक कश्यप, डाक्टर अनिल कश्यप, विनीत कश्यप, आदेश कश्यप सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीएचसी में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को एड्स से बचाव एवं समय रहते जांच को लेकर एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जीएस मेडिकल कॉलेज, हापुड़ के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक रहा, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आमजन को यह समझाने का प्रयास किया कि एड्स किसी को छूने, साथ बैठने, हाथ मिलाने या एक साथ भोजन करने से नहीं फैलता। नाटक में यह भी बताया गया कि यह संक्रमण मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई के प्रयोग, संक्रमित रक्त के माध्यम से तथा मां से शिशु में फैल सकता है। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि यदि समय पर जांच कराई जाए और नियमित उपचार लिया जाए, तो एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। आयोजन का उद्देश्य समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को सही व वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर डा. रोहित मनोहर, लैब टेक्नीशियन बलराम नागवंशी सहित मानसी, राजेश प्रसाद, मनीष कश्यप, आलोक कुमार, संकेत शर्मा, निसार अहमद एवं ऋतिक कुमार मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक में रुकय्या, लकी, मानसी द्वितीय, नसीमुद्दीन, तबस्सुम, अंशिका, शान, बिलाल, सदफ, समद, शिवम, अजहर,



आरिफ, गुलाम, संग्राम, मशीउल्लाह और प्रीति समेत अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सीएचसी स्टाफ और वहां मौजूद लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। अंत में लोगों से एचआईवी जांच कराने, सुरक्षित व्यवहार अपनाने और संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचने की अपील की गई।

## नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शहनवाज पुत्र माजिद व शादाब पुत्र शकिल के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गांव खेड़ा गेट के पास से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ उनकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार की आपराधिक हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और दोषियों को कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

## दो बार फैसला आने के बावजूद आदेश पलटने का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक महिला ने उपसंच. ालक चकबंदी में दो बार पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद भी आद. ेशों को पलटने का आरोप लगाते हुए मिटटी तेल छिडककर आत्मदाह करने का प्रयास किया।

जिसके बाद कार्यालय में हडकंप मच गया। आसपास मौजूद वकीलों ने महिला के हाथ से तेल से भरी बोलत को छीना। वही थाना आदर्शमंडी पुलिस ने महिला को समझा बुझाकर शांत किया और न्याय का भरोसा दिलाया।

कांधला क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संगीता देवी ने उपसंचालक चकबंदी शामली पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में जून 2022 में नए चकों पर किसानों को कब्जा दिलाया गया था। उनके पति धर्मेन्द्र, जो मंदबुद्धि हैं, से संबंधित चकों को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।

मामले में पहले उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में डीडीसी शामली द्वारा 22 जून 2023 को निर्णय पारित किया गया था, जिसमें विपक्षियों की निगरानी खारिज कर दी गई थी। इसके बाद विपक्षी पक्षकारों द्वारा पुनः निगरानी दायर की गई, जिसे 26 जून 2025 को उपसंच. ालक चकबंदी शामली द्वारा पूर्व में निर्णय हो जाने के कारण पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया गया। आरोप है कि बाद में पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र स्वीकार कर 2 जून 2025 का आदेश 15 दिसंबर 2025 को निरस्त कर दिया गया।

पीड़िता का आरोप है कि आदेश निरस्त होने के बाद दबंगों द्वारा उनके चक पर कब्जा करने और बोई गई फसल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी शिकायत उपसंचालक चकबंदी से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का कहना है कि वह एक असहाय महिला है और सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण उसके साथ अन्याय किया गया। पीड़िता ने बताया कि मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने शुक्रवार दोपहर करीब डेढ बजे उपसंचालक चकबंदी कार्यालय में पहुंचकर मिटटी तेल छिडककर आत्महत्या का प्रयास किया। जिससे कार्यालय में हडकंप मच गया। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला को समझा बुझाकर शांत किया और अपने साथ ले गई।

महिला ने ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

## जिला कारागार में प्रिजन लीगल एंड क्लीनिक की स्थापना

**शामली।** शामली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में जिला कारागार में प्रिजन लीगल एंड क्लीनिक की स्थापना। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली के जिला कारागार मुजफ्फरनगर में प्रिजन लीगल एंड क्लीनिक की स्थापना इंदर प्रीत सिंह जोश जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली द्वारा की गई। जिसमें आंचल कसाना,प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम, शामली व असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता उपस्थित रहे।






## प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिखे सुंदर निबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई और सुशासन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई अपनी मृदुभाषिता, सरलता और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को नई दिशा दी और सुशासन की मजबूत नींव रखी। पाकिस्तान से मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से उनके द्वारा शुरू की गई भारत-पाक बस सेवा को ऐतिहासिक कदम बताया।आयोजित निबंध प्रतियोगिता में वंशु बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका ने द्वितीय तथा आस्था प्रजापति ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का निर्णय सतीश आत्रेय, सारिका गर्ग और उमा रानी की निर्णायक मंडली द्वारा किया गया। मौके पर घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, शिवकुमार, फूल कुमार, प्रियांक कुमार, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल और शिवानी शर्मा का सहयोग रहा।

## एक नजर

### दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डी ए वी पब्लिक स्कूल में आज दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक आशीष मित्तल द्वारा मशाल जलाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न रोचक एवं जोशपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खो-खो, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, ऑक्टोपस रेस, फॉग रेस, कप टावर रेस, बाल टनल रेस तथा कप कलेक्शन रेस आदि शामिल रहे। खो-खो प्रतियोगिता में मिल्टन तथा शैली हाउस सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, जिनके बीच फाइनल मुकाबला कल कराया जाएगा। रस्साकशी प्रतियोगिता में बुलबुल तथा अजरा विजेता रहीं, वहीं फॉग रेस में अक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य वर्गों में कृष्णा, अफीफ, आएजा, इनाया, यश व आकशा आदि ने भी अपने-अपने इवेंट्स में जीत दर्ज की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा। कल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शेष स्पर्धाओं के साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### बंधन बैंक कर्मचारी की बाइक चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक के बाहर से एक कर्मचारी की बाइक किसी चोर ने मौका पाकर चोरी कर ली। पीड़ित कर्मचारी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस बाइक चोर की तलाश में जुटी हुई है। जनपद मेरठ के गांव प्रहलादपुर निवासी इश्तियाक अहमद कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक में कर्मचारी है। बंधन बैंक के कर्मचारी का कहना है कि उसने विगत गुरुवार को अपनी बाइक बैंक के बाहर गली में खड़ी कर रखी थी। तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि उसने बाइक चोर की तलाश की मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। शुक्रवार को पीड़ित बैंक कर्मचारी ने थाने पर पहुंचकर बाइक चोर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस में बैंक कर्मचारी को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में फुटेज खंगालते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस तलाश कर रही है जल्दी बाइक बरामद कर चोर को पकड़ लिया जाएगा।

### दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत, तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कस्बे की कमेला कॉलोनी निवासी साजिद व आसिफ बाइक नुमा रेहड़े में सब्जी खरीद कर देहात क्षेत्र में बेचने का कार्य करते हैं। दोनों लोग अपने वाहन में सब्जी भरकर गंगेरू क्षेत्र में सब्जी बेचने के लिए गए हुए थे। और सब्जी बेचकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही दोनों लोग गंगेरू मार्ग स्थित अलफलाह फैक्ट्री के समीप पहुंचे तो सामने से आ रहे गांव गढ़ी श्याम निवासी अनुज की बाइक की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की भिड़ंत में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## यातायात पुलिस ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** एसपी एनपी सिंह के निर्देशन एवं यातायात पुलिस शामली द्वारा सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता व प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम ने शहर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान दिल्ली रोड शामली सहित प्रमुख चौराहों पर आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। खास तौर पर ट्रैक्टर-ट्राली व बोगी चालकों के वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और उन्हें रात्रिकालीन .श्यता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से सड़क किनारे अतिक्रमण न करने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना में नशा-मुक्ति अभियान, पुलिस ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह्व के तहत थाना कैराना पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कॉन्वेंट हाई स्कूल में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ और नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। महिला उपनिरीक्षक शिल्पी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इससे एकाग्रता और स्मरण शक्ति कमजोर होती है, जिससे पढ़ाई और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि नशे की लत युवाओं को अपराध, हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं की ओर धकेलती है, जिससे समाज में असुरक्षा का माहौल बनता है। नशे के कारण पारिवारिक विघटन और आर्थिक तंगी जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। अधिकारियों ने छात्रों से अपील की कि वे गलत संगत से दूर रहें और शिक्षा, खेलकूद तथा सकारात्मक गतिविधियों में अधिक समय दें।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा-मुक्त समाज की आवश्यकता बताते हुए किसी भी प्रकार की नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन पर देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को नशा-मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। थाना कैराना पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत आगे भी स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके।





## धोखाधड़ी करने व जान की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी ने फर्जी बिलों के जरिए जीएसटी विभाग में गलत लेन-देन दिखाकर धोखाधड़ी करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

शहर के अजंता टाकीज के पीछे, मेरठ-करनाल रोड निवासी राजेन्द्र गर्ग पुत्र त्रिलोक चन्द, प्रोपराइटर मैसर्स शिवा ट्रेडर्स ने बताया कि उनकी फर्म का जीएसटी में विधिवत पंजीकरण है। आरोप है कि मैसर्स एसके इंजीनियर्स एंड कांट्रेक्टर्स, ग्राम ऊदपुर थाना झिंझाना, जिसके प्रोपराइटर संदीप कुमार हैं, द्वारा अगस्त 2020 की अवधि में उनकी फर्म के नाम से कई फर्जी व कूटरचित बिल जारी कर दिए गए।

जबकि उन्होंने संबंधित फर्म से कभी कोई सामान नहीं खरीदा। पीड़ित के अनुसार, उक्त फर्जी बिलों के संबंध में जीएसटी विभाग को भी अवगत कराया जा चुका है। आरोप है कि विपक्षी फर्म व उसके प्रोपराइटर ने जानबूझकर जीएसटी विभाग और पीडित को नुकसान पहुंचाने तथा स्वयं को अवैध लाभ दिलाने की नीयत से यह कृत्य किया।

बताया कि मामले को लेकर 24 नवंबर 2025 को अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भी भिजवाया गया था, लेकिन नोटिस मिलने के बाद उसके द्वारा उन्हें धमकाना शुरू कर दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली प्रभारी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उक्त फर्म व उसके प्रोपराइटर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## एसपी ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार देर रात एसपी एनपी सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की। पैदल गश्त विजय चौक से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, वर्मा मार्केट, शिव चौक, रेलवे क्रासिंग होते हुए गुरुद्वारा तक सम्पन्न हुई।

गश्त के दौरान एसपी ने बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि जनपद पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क .ष्टि रखी जाए, नियमित गश्त व चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महिलाओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की दृश्यता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। पैदल गश्त के दौरान सीओ नगर अपेक्षा निम्बाडिया भी मौजूद रही।

## नाली निर्माण में अनियमितताओं पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका के वार्ड एक स्थित पाल विहार क्षेत्र में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। इंद्रपाल से संजय के मकान तक कराए जा रहे नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी किए जाने की शिकायत सामने आई है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाली निर्माण में न तो सरिया लगाया जा रहा है और न ही सीमेंट का मसाला निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में 10 तसले रोड़ी, 15 तसले डस्ट और मात्र एक कट्टा सीमेंट मिलाकर नाली बनाई जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिक. ारी को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि नाली निर्माण के साथ-साथ सड़क का भी निर्माण कराया जाए तथा क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डलवाने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर संदीप वर्मा, पियूष सिंघल, प्रवीन बेदी, संजय कुमार, मोहित, विकास, ईशिका, कन्हैया, निशांत, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ हुआ उत्सर्जक खेलों का शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को खेलों का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा खेलों का शुभारंभ किया गया।

दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में वर्ग 'सी' की 100 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस के साथ ही वर्ग 'बी' व 'सी' की लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो एवं जैवलिन थ्रो प्रमुख आकर्षण रहीं। दौड़ प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी गति और सहनशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक सभी खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा देखने को मिली।

कैटेगरी 'ए' बालिका वर्ग की लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में मीनाक्षी अवेंजर्स हाउस ने प्रथम, क्रिस्टी एक्सप्लोरर हाउस ने द्वितीय तथा सिमरन एक्सप्लोरर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कैटेगरी 'बी' बालिका वर्ग की लॉन्ग जंप में वॉरियर हाउस ने प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन विद्यालय में फाइनल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जो वार्षिक दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पन्न होंगी। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि बच्चों की लगन और मेहनत सभी के लिए प्रेरणादायक है। वहीं मैनेजर छाया सिंह और चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने खेलों को अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया।

**सूचना**

मुझ शपथकर्ता का असल बैनामा राकेश कुमार पुत्र श्री बलवंत सिंह निवासी बडिआल शामली तहसील व जिला शामली ने श्रीमती कृष्णा गुप्ता पत्नी श्री राजेंद्र प्रसाद निवासी आर्यपुरी शामली तहसील व जनपद शामली के हक में दिनांक 20.02. 1996 को हुआ जो बही नं. 1 की जिल्द 2104/2148 एडी के पृष्ठ 231/337/346 क्रमांक 1247 खो गया है, जो मुझ शपथकर्ता श्रीमती कृष्णा गुप्ता से वर्ष 2012 में खरीद क्रय कर लिया था और मेरे नाम तथा वी0वी0 इंटर कॉलिज पर स्थित है।

**उदयवीर सिंह**
**पुत्र श्रीरामपाल सिंह**
निवासी वी0वी0 इंटर कॉलेज शामली तहसील व जिला शामली

खेल विशेष

## श्रीलंका को हराकर भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐरन जॉर्ज (नाबाद 58) और विहान मल्होत्रा (नाबाद 61) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान आयुष म्हात्रा (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) के विकेट 25 के स्कोर पर गंवा दिये। ऐसे संकट के समय ऐरन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अविजित साझेदारी हुई। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। ऐरन जॉर्ज ने 49 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 58) रनों की पारी खेली। वहीं विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 61) रन बनाये। श्रीलंका के लिए रसित निमसारा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां चमिका हीना. तिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया था। मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# गंभीर को टीम में कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए: कपिल



**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना और उनका मनोबल बढ़ाना है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत के पहले विश्व कप जीतने वाले कप्तान कपिल देव ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लेकर कहा कि आज के क्रिकेट सेटअप में गंभीर को कोच के बजाय टीम प्रबंधक के तौर पर देखा जाना चाहिए। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के आईसीसी शताब्दी सत्र में कपिल ने कहा कि समकालीन क्रिकेट में 'कोच' शब्द को अक्सर गलत समझा जाता है और उन्होंने उच्चतम स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। कपिल की यह टिप्पणी भारत के हाल ही में घर पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार के बाद गंभीर की बढ़ती आलोचना के बीच आई है, जिसमें खिलाड़ियों के बार-बार रोटेशन और ऑलराउंडरों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर गंभीर की आलोचना की गई है। कपिल ने कहा कि आज, कोच नाम का यह शब्द, कोच एक बहुत ही आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते। वह टीम के मैनेजर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कोच कहते हैं, तो कोच वह होता है जिनसे मैं स्कूल और कॉलेज में सीखता हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि गौतम गंभीर किसी लेग-स्पिनर या विकेटकीपर को क्रिकेट की बारीकियां कैसे सिखा सकते हैं। उनके अनुसार, यह काम स्कूल या कॉलेज स्तर के कोचों का होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना, उनका मनोबल बढ़ाना और टीम के लिए एक सही माहौल तैयार करना है। पूर्व ऑलराउंडर ने इस बात पर बल दिया कि कोच का काम तकनीकी सिखाने से ज्यादा खिलाड़ियों का सही तरीके से प्रबंधन करना होता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आपको मैनेज करना होगा। यह अधिक महत्वपूर्ण है। एक प्रबंधक के तौर पर आप उन्हें प्रोत्साहित करते हैं कि आप यह कर सकते हैं, क्योंकि जब आप प्रबंधक बनते हैं, तो युवा लड़के आपको देखते हैं। कपिल ने समझाया कि एक सहायक माहौल बनाना कप्तान और टीम मैनेजमेंट दोनों की एक प्रमुख जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि आप किसी लेग स्पिनर या विकेटकीपर को कैसे कोच कर सकते हैं, जब वे पहले से उस कला में माहिर हैं? ऐसे में सबसे जरूरी काम मैनेजमेंट का होता है। एक मैनेजर खिलाड़ियों को भरोसा देता है, हौसला बढ़ाता है और उन्हें यह एहसास दिलाता है कि वे बेहतर कर सकते हैं। कपिल ने कहा कि कप्तान या प्रबंधक का काम टीम को आराम और आत्मविश्वास देना है। खासकर उन खिलाड़ियों को, जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं उन्होंने अपने कप्तानी अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो खिलाड़ी शतक बनाता है, उसके साथ मैं डिनर पर नहीं जाऊंगा। मैं उन लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करता हूं, जो संघर्ष कर रहे हों, ताकि उन्हें आत्मविश्वास मिले। कपिल ने इस बात पर बल देते हुए अपनी बात खत्म की कि क्रिकेट में लीडरशिप केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन से कहीं अधिक होती है।

## इंडियन विमेंस लीग में ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी

- **भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार दो चरणों में खेली जाएगी पहला चरण आज से 9 जनवरी तक चलेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के आठ शीर्ष महिला फुटबॉल क्लब के बीच शनिवार से शुरु होने वाली इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 में पूर्व चैंपियन ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी। भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार, दो चरणों में खेली जाएगी। पहला चरण 20 दिसम्बर 2025 से नौ जनवरी, 2026 तक चलेगा।

जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई, 2026 तक खेला जाएगा। यह स्प्लिट कैलेंडर खिलाड़ियों की उपलब्धता और भारतीय महिला फुटबॉल के लिए एक अभूतपूर्व साल से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए शुरू किया गया है। सभी मैच पश्चिम बंगाल में सेंट्रलाइज्ड जगहों पर होंगे। कोलकाता के सॉल्ट लेक में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीई) और कल्याणी में कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम। हर टीम दूसरी टीम के साथ दो बार मैच खेलेंगी। भारत वर्ष 2026 में सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17 लेवल पर तीन एएफसी महिला एशियाई कप में हिस्सा लेगा। पहले चरण में टीमें 28 मैच खेलेंगी और फिर अप्रैल में दूसरे फेज के लिए फिर से इकठा होंगी। इस ब्रेक में एक से 21 मार्च तक सीनियर एएफसी महिला एशियाई कप और एक से 18 अप्रैल तक अंडर-20 एडिशन होगा। 30 अप्रैल से 17 मई तक होने वाला अंडर-17 टूर्नामेंट लीग के आखिरी दौर के साथ ओवरलैप होगा, लेकिन उम्र की वजह से इसका कोई गंभीर असर होने की संभावना नहीं है। 2025-26 सीजन भारत की प्रमुख महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का नौवां संस्करण होगा। कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी, जिसने पिछले साल प्रतियोगिता में अपने दूसरे ही सीजन में आईडब्ल्यूएल का खिताब जीता था। रिकॉर्ड तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरल और पूर्व विजेता सेथु एफसी भी किकस्टार्ट एफसी, नीता एफए और श्रीभूमि एफसी के साथ मैदान में होंगी। गढ़वाल यूनाइटेड और सेसा एफए इस साल आईडब्ल्यूएल 2 से प्रमोट होने वाली दो नई टीमें होंगी। हालांकि 2023-24 की चैंपियन ओडिशा एफसी पिछले साल रेलिगेट होने के बाद इस बार हिस्सा नहीं ले पाएगी। एआईएफएफ ने आईडब्ल्यूएल 2025-26 के पहले फेज का शेड्यूल पहले ही घोषित कर दिया है। दूसरे फेज के मैचों की लिस्ट बाद में घोषित की जाएगी।

## स्टेकहोल्डर्स के बीच मतभेद के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के स्कॉट वीनिक कार्यकारी पद छोड़ेंगे

- **यह संगठन के सबसे अच्छे हित में है कि नई लीडरशिप एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए**

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वीनिक ने शुक्रवार को मेंबर एसोसिएशन और न्यूजीलैंड क्रिकेट प्लेयर्स एसोसिएशन (एनजेडसीपीए) के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए कहा कि वह 30 जनवरी 2026 को अपने पद से हट जाएंगे। एक मीडिया बयान में वीनिक ने कहा कि ध्यान से सोचने के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं, जिसमें खेल की लंबे समय की दिशा और न्यूजीलैंड में टी-20 क्रिकेट की सबसे अच्छी भूमिका शामिल है, पर मेरा कई मेंबर एसोसिएशन और एनजेडसीपीए से अलग नजरिया है। वीनिक ने कहा कि इन मतभेदों को देखते हुए, मेरा मानना है कि यह संगठन के सबसे अच्छे हित में है कि नई लीडरशिप एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वह कुछ स्टेकहोल्डर्स के सपोर्ट के बिना काम जारी रखकर लगातार अस्थिरता पैदा नहीं करना चाहते थे। पिछले ढाई साल से एनजेसी को लीड कर रहे वीनिक ने कहा कि मुख्य कार्यकारी के तौर पर काम करना उनके लिए गर्व की बात रही है और उन्होंने मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह शानदार परफॉर्मेंस के समय को हाईलाइट किया। उनकी लीडरशिप में, एनजेडसी ने अब तक के अपने सबसे अच्छे फाइनेंशियल रिजल्ट्स रिकॉर्ड किए और स्काई और सोनी के साथ लॉन्ग-टर्म ब्रॉडकास्ट एग्रीमेंट्स किए, जिससे संस्थान 'मजबूत फाइनेंशियल पोजीशन' में आ गया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान हुई उन्नति पर गर्व जताते हुए कहा कि हमारे लोगों ने मजबूत एंगेजमेंट और कमिटमेंट का कल्चर बनाया है। वीनिक ने एनजेडसी स्टाफ, स्टेकहोल्डर्स और बड़े क्रिकेट समुदाय को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया और न्यूजीलैंड सरकार, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी), सदस्य देशों, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं, साथ ही मीडिया, ब्रॉडकास्ट और कमर्शियल पार्टनर्स के साथ बने रिश्तों को माना।

## आईएल टी-20: अबू धाबी ने गल्फ जायंट्स को हराया

- **पीयूष चावला ने 27 रन देकर महत्वपूर्ण चार विकेट हासिल किए**



**अबू धाबी, वार्ता।** पीयूष चावला (27 रन देकर 4 विकेट) की बदौलत अबू धाबी नाइट राइडर्स (एडीकेआर) ने आईएल टी-20 में टूर्नामेंट पर गल्फ जायंट्स को चार विकेट से हराकर अपनी लगातार दूसरी और कुल तीसरी जीत दर्ज की।

जब जायंट्स को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया, तो गुरबाज ने कुछ शानदार हिटिंग के साथ शुरुआत की और गेंदबाज के पहले दो ओवरों में जेसन होल्डर को दो चौके और एक छक्का लगाया। पथुम निसांका ने लंबी बाउंड्री के ऊपर से फ्लिक करके छक्का लगाकर खतरनाक दिखना शुरू किया, लेकिन ओली स्टोन की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। जायंट्स के कप्तान जेम्स विस ने एक खूबसूरत कवर-ड्राइव खेला और उसके बाद बैकफुट पंच से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। गुरबाज ने स्टोन की गेंद पर छक्का लगाकर 6000 टी-20 रन पूरे किए। चावला को सातवें ओवर में अटैक पर लाया गया और पहली ही गेंद पर विस का विकेट लेकर सफलता हासिल की, जबकि सुनील नारायण ने कुछ शांत ओवर फेंके। अगले ओवर में गुरबाज ने लेग स्पिनर पर हाथ आजमाया और अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जिससे जायंट्स ने 11वें ओवर में 100 रन पूरे किए।

इसके बाद चावला ने गूगली से मोईन अली को चकमा दिया, और गेंद का किनारा शॉर्ट-थर्ड मैन तक ही गया। गुरबाज ने स्टोन के खिलाफ कुछ सीधे बल्ले से शॉट लगाकर रन बनाना जारी रखा, अगले ओवर में अजय कुमार की धीमी गेंद पर अफगानी बल्लेबाज ने सीधे डीप मिड-विकेट पर शॉट मारा। रहमानुल्लाह गुरबाज ने जायंट्स के लिए 45 गेंदों में 72 रन बनाकर टॉप स्कोर किया। इसके बाद चावला ने लगातार गेंदों पर अजमतुल्लाह ओमरजई और मैथ्यू फोर्डे को आउट किया, जिससे जायंट्स 16 ओवर के बाद 6 विकेट पर 135 रन बनाकर लड़खड़ा गए। लगातार विकेट गिरने का मतलब था कि जायंट्स आखिरी ओवरों में आदर्श फिनिश नहीं कर पाए और आखिरी पांच ओवरों में सिर्फ 33 रन बनाकर सात विकेट पर 165 रन ही बना पाए। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट और एलेक्स हेल्स ने आक्रामक शुरुआत की। पहले बल्लेबाज ने पहली दो गेंदों पर लगातार दो चौके लगाए और फिर तीसरे ओवर में फ्रेड क्लासेन के ओवर में 17 रन बनाए।

## ट्रैविस के नाबाद शतक से टीम बढ़त की ओर



- **ट्रैविड हेड ने नाबाद 145 और एलेक्स केरी ने नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली**

**एडिलेड, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (नाबाद 145) की शतकीय और एलेक्स कैरी (नाबाद 52) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 286 पर समेटने के बाद शुक्रवार को तीसरे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स के समय अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 271 रन बना लिए है और उसकी कुल बढत 356 रन हो गई है। यहां इंग्लैंड ने कल के आठ विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में इंग्लैंड का नौवां विकेट कप्तान बेन स्टोक्स के रूप में गिरा। उन्हें 85वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। बेन स्टोक्स ने 198 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद 88वें ओवर की दूसरी गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जोफ आर्चर को आउटकर 286 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। जोफ्रा आर्चर ने 105 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 51 रनों की पारी खेली। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 85 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिस और स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट लिए। नेथन लायन को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक वेदरॉल्ड (एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (13), उस्मान ख्वाजा (40) और कैमरन ग्रीन (सात) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 149 रन था। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी ने ट्रेविस हेड के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान ट्रेविस हेड ने अपना शतक पूरा किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 271 रन बना लिए है। ट्रेविस हेड (नाबाद 145) और एलेक्स कैरी (नाबाद 52) क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड के लिए जॉश टंग ने दो विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कॉन्वे का दोहरा शतक, न्यूजीलैंड की 575 पर पारी घोषित



**न्यूजीलैंड, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (227) और रचिन रविंद्र (नाबाद 72) की शानदार पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ विकेट पर 575 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट गंवाए 110 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। यहां न्यूजीलैंड ने कल के एक विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट जेकब डफी (17) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (31) रन बनाकर आउट हुए। इसी दौरान डेवन कॉन्वे ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। यह उनके करियर का छठा शतक है। उनके करियर का यह दूसरा दोहरे शतक है।

इससे पहले उन्होंने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 200 रनों की पारी खेली थी। 121वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने उन्हें पगबाधा आउटकर पवेलियन भेजा। डेवन कॉन्वे ने 367 गेंदों में 31 चौके लगाते हुए 227 रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल (11), टॉम ब्लंडल (चार), ग्लेन फिलिप्स (29) और जैकरी फॉक्स (एक) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 155 ओवर होने के बाद आठ विकेट पर 575 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। उस समय रचिन रविंद्र 106 गेंदों में (नाबाद 72) और एजाज पटेल (नाबाद 30) रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, एंडरसन फिलीप और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक विकेट लिया।

### सुभान की अगुवाई में पाकस्तानी गेंदबाजों ने बंगलादेश को 121 पर किया ढेर

**दुबई, वार्ता।** अब्दुल सुभान (चार विकेट) और हुजैफा अहसान (दो विकेट) के बेहत. रीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी कर रही बांग्लादेश को मात्र 26.3 ओवरों में 121 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया। यहां मैदान गीला होने के कारण देर से शुरु हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। रिफत बेग (14) और जवाद अबरार (नौ) रन बनाकर आउट हुए।

## न्यूजीलैंड सीरीज, टी-20 विश्व कप के लिए टीम के चयन को लेकर बैठक आज

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार कहा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज और टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टीमों के चयन को लेकर शनिवार को बीसीसीआई मुख्यालय में बैठक करेगी।

ऐसा माना जा है कि दोनों टीमें काफी हद तक एक जैसी होंगी, जिसमें कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस बैठक में शामिल होंगे, हालांकि वह अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी-20 के लिए अहमदाबाद में हैं। 15 सदस्ईय टीम आईसीसी को पहले ही सौंप दी जाएगी, हालांकि टीम में चोट या फॉर्म की चिताओं के मामले में टूर्नामेंट की टीमों में करीब बदलाव किया जा सकता हैं। टूर्नामेंट के दौरान और बदलावों के लिए आईसीसी तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

भारत, श्रीलंका के साथ टी-20 विश्व कप की सह-मेजबानी कर रहा है। भारत सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। इसके बाद वे ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच के लिए नामीबिया के खिलाफ दिल्ली जाएंगे, जिसके बाद कोलंबो में पाकिस्तान के साथ एक हाई-स्टेक मुकाबला होगा और फिर अहमदाबाद में नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज का समापन करेंगे। उम्मीद है कि टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जिसमें शुभमन गिल उनके उप-कप्तान होंगे। हालांकि, दोनों खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म पर नजर है।

### श्रीलंका ने भारत को दिया 139 रनों का लक्ष्य

**दुबई, वार्ता।** चमिका हीनातिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया। यहां मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दुलनिथ सिगेरा (एक), विरान चामुदिथा (19) और कविजा गमागे (दो) रन बनाकर आउट हुये।

## डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 कोलकाता टेस्ट सीरीज के साथ शुरू

**कोलकाता, वार्ता।** बीसीसीआई द्वारा समर्थित और डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त आईडीसीए ने यहां डेफ के लिए टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण गुरुवार से शुरु हो गया है। डा. साइरस पूनावाला ग्रुप के संरक्षण में आयोजित इस टेस्ट सीरीज में दो सेमीफाइनल क्रिकेट मैच 18 से 23 दिसम्बर तक कोलकाता के मर्लिन राइज क्रिकेट ग्राउंड और राजस्थान क्लब ग्राउंड में एक साथ खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल दिल्ली और बंगाल के बीच खेला जाएगा, दूसरा सेमीफाइनल में ओडिशा और जम्मू कश्मीर के बीच होगा। सेमीफाइनल के विजेता फिर 21 से 23 दिसम्बर तक फाइनल टेस्ट मैच में चैंपियन की ट्रॉफी के लिए मुकाबला करेंगे। जिसमें चार राज्यों के कुछ सबसे प्रतिभाशाली सुनने में अक्षम क्रिकेटर एक साथ आए हैं। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बधिरों के लिए चौथे टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप सभी खिलाड़ियों के लिए एक परीक्षा होगी। क्योंकि यह तीन दिनों में दो पारियों में खेला जाएगा। हालांकि प्लेयरों को गेम के छोटे प्रारुप में खेलने की आदत होती है, लेकिन एक टेस्ट मैच न केवल उनकी फिटनेस बल्कि तीन दिनों में चार पारियों तक अच्छा खेलने के लिए नियमितता को भी परख करेगा। इस सीरीज के साथ हमारा मकसद अपने सुनने में दिक्कत वाले एथलीटों के जोश, हिम्मत और टैलेंट का जश्न मनाना और अपनी लड़ने की भावना दिखाना भी है।

एचआईएल 2025-26

## महिला हॉकी के रंग में रंगी रांची

- **महिला हॉकी इंडिया लीग के सभी मुकाबले रांची में आयोजित किए जाएंगे**

**रांची, वार्ता।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 को लेकर राजधानी रांची में खेल का उत्साह चरम पर है। इस प्रतिष्ठित लीग के आयोजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को पूरी तरह से सजाया-संवारा जा रहा है। स्टेडियम में रंग-रोगन, दर्शक दीर्घा की मरम्मत, मैदान की फिनिशिंग, लाइटिंग और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं को यु( स्तर पर पूरा किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। इस बार हॉकी प्रेमियों के लिए सबसे खास बात यह है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के सभी मुकाबले रांची में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नामचीन महिला खिलाड़ियों की मौजूदगी से राजधानी एक बार फिर हॉकी के वैश्विक मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराने जा रही है। आयोजन से न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट से पहले ही कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं। मोरहाबादी स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टीमों के अभ्यास सत्र जोरों पर हैं। घरेलू टीम 'रांची रॉयल्स' सबसे अधिक चर्चा में है। अभ्यास सत्र के दौरान टीम को देखने के लिए खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। टीम में भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी खिलाड़ी निक्की प्रधान, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी ब्यूटी डुंगडुंग समेत कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा झारखंड की कई उभरती महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी अभ्यास का मौका मिल रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं का मनोबल काफी बढ़ा है। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का यह संतुलन रांची रॉयल्स को एक मजबूत टीम के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। महिला हॉकी इंडिया लीग का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला 28 दिसम्बर को रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच रात 7:30 बजे खेला जाएगा। 29 दिसम्बर को सूरमा हॉकी क्लब और राढ़ बंगाल टाइगर्स आमने-सामने होंगे। 30 दिसम्बर को रांची रॉयल्स का मुकाबला राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। नए साल पर 1 जनवरी को एसजी पाइपर्स और राढ़ बंगाल टाइगर्स तथा 2 जनवरी को रांची रॉयल्स और सूरमा हॉकी क्लब के बीच मैच खेले जाएंगे। 3 से 8 जनवरी तक लीग चरण के अंतिम मुकाबले होंगे।

# मनरेगा पर कांग्रेस की चिंता

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया है इस बीच सरकार ने मनरेगा का वैकल्पिक बिल 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' दोनों सदनों में पारित कर दिया नए बिल को संक्षेप में 'जी-राम-जी' कहा जा रहा है। शायद इसीलिए हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों की खिचड़ी बनाई गई है। इसे भाजपा की 'रामवादी राजनीति' से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। यह मानसिकता का संकरापन है। बुनियादी चिंता और सरोकार यह होना चाहिए कि जिस भारतीय को काम का संवैधानिक अधिकार हासिल है, क्या उसे 100 अथवा 125 दिन का रोजगार मुहैया कराया जा रहा है अथवा नहीं? जब 2005 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल' तैयार किया गया था, तब भाजपा के वरिष्ठ सांसद कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति में बिल पर व्यापक विमर्श किया गया था। संसदीय समिति ने तत्कालीन मनमोहन सरकार को कई सुझाव भी दिए थे। हमारी सूचना है कि अधिकांश सुझाव मान लिए गए थे। यकीनन वह एक ऐतिहासिक प्रयोग था कि देश में गरीब और बेरोजगार अथवा जिसे काम चाहिए, उस व्यक्ति को साल में कमोबेश 100 दिन का रोजगार, केंद्र सरकार के जरिए, उपलब्ध कराया जाएगा। वह संकल्प और कानूनी प्रावधान अधूरे ही रहे, क्योंकि 2006-07 से लेकर 2024-25 तक औसतन 50।24 दिन का रोजगार ही मुहैया कराया जा सका है। वाकई यह सरकार की नाकामियों का स्मारक भी है, लेकिन इसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों की ही सरकारें शामिल रही हैं। साल 2008 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्धकैगऋ की रपट सामने आई, तो बदइंतजामी और गहरे भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए। करीब 70 फीसदी ब्लॉक में मनरेगा अफसर ही तैनात नहीं थे। करीब 52 फीसदी पंचायतों में मनरेगा सहायक ही नहीं थे। बंगाल के 19 जिलों में बिना काम ही भुगतान किए गए और फंड के गलत इस्तेमाल किए गए। देश के 19 राज्यों में सर्वे कराए गए, तो अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत भ्रष्टाचारों का खुलासा हुआ। 2024-25 में, मोदी सरकार के दौरान, 193 करोड़ रूपए का गबन और घोटाला पाया गया। 2025-26 में 23 राज्यों में मनरेगा के तहत या तो काम ही नहीं कराया गया अथवा बजटीय खर्च कम किया गया। बीती 5 दिसंबर को ही राज्यसभा में सरकार ने जानकारी दी थी कि मनरेगा की मद के 9746 करोड़ रुपये बकाया हैं। बजट में मनरेगा के लिए 80,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। चूंकि रकम खर्च नहीं की गई, लिहाजा साफ है कि मजदूरी बांटी नहीं गई, क्योंकि काम उपलब्ध ही नहीं कराया गया। यूपीए सरकार के दौरान ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कुछ पेशेवरों, पत्रकार आदि, को प्रतिनिधि बना कर बुंदेलखंड जैसे पिछड़े इलाकों में भेजा था, ताकि मनरेगा का यथार्थ सामने आ सके। उनमें भी भ्रष्टाचार के कई मामले पकड़ में आए थे।

## चुनावों में सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग



वोटर लिस्ट का शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही, भेदभाव या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता, पार्टी के पदाधिकारी इस प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराएं, संगठन की ताकत और अनुशासन ही बसपा की सबसे बड़ी पूंजी है, सभी कार्यकर्ता ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में काम करें, हाल के वर्षों में चुनावों के दौरान सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होते हैं, बिहार विधानसभा उपचुनाव के दौरान सामने आए घटनाक्रम इस बात का उदाहरण हैं, जिनकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

**-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# महज नाम बदलने से योजना में ईमानदारी और पारदर्शिता आने की संभावना!



एम हसन

यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में यह योजना शुरू की थी। लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से धन का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी योजना का धन उसी भ्रष्ट सरकारी तंत्र के हाथों में होगा।

यूपीए सरकार की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम द्धएमजीएनआरईजीएऋ को समाप्त करने के लगभग एक दशक के प्रयासों के बाद, एनडीए सरकार ने अंततः इसे एक नई समान योजना - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 से बदलने का निर्णय लिया है। नई योजना का उद्देश्य यूपीए सरकार की योजना के समान ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार प्रदान करना है, लेकिन इसमें कुछ संशोधन किए गए हैं, जिनमें नाम परिवर्तन भी शामिल है। यूपीए योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था, जबकि एनडीए ने इसे नया नाम दिया है- वीबी-जी आरएएम जी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उच्चारण कैसे होगा, यह कहना मुश्किल है। नई योजना में केंद्र सरकार द्वारा निगरानी का पूर्ण नियंत्रण रखा गया है, जबकि कुल संघीय निधि का केवल 60 प्रतिशत हिस्सा ही केंद्र सरकार के पास रहेगा। राज्यों को शेष 40 प्रतिशत धनराशि देनी होगी और अतिरिक्त व्यय की स्थिति में राज्य सरकारों को अतिरिक्त धनराशि वहन करनी होगी।

हालांकि, मूल प्रश्न यह है कि पिछले दो दशकों में इस योजना के लिए निर्धारित विशाल निधियों के उपयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार को निचले स्तर पर पूरी तरह से कैसे समाप्त किया जाए। इसलिए, नई समान सैफ्रॉन मेगा ग्रामीण रोजगार योजना को आगे बढ़ाने से पहले, वर्तमान योजना की व्यवहार्यता का आकलन करते हुए इसका निष्पक्ष और पारदर्शी सामाजिक ऑडिट आवश्यक है। पिछले 20 वर्षों में पहले ही भारी मात्रा में सरकारी निधि बर्बाद हो चुकी है।

यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में इस योजना का शुभारंभ किया था, लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से निधियों का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी निधि इसी तरह के भ्रष्ट सरकारी तंत्र के हाथों में होगी।

> हालांकि, मूल प्रश्न यह है कि पिछले दो दशकों में इस योजना के लिए निर्धारित विशाल निधियों के उपयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार को निचले स्तर पर पूरी तरह से कैसे समाप्त किया जाए। इसलिए, नई समान सैफ्रॉन मेगा ग्रामीण रोजगार योजना को आगे बढ़ाने से पहले, वर्तमान योजना की व्यवहार्यता का आकलन करते हुए इसका निष्पक्ष और पारदर्शी सामाजिक ऑडिट आवश्यक है। पिछले 20 वर्षों में पहले ही भारी मात्रा में सरकारी निधि बर्बाद हो चुकी है। यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में इस योजना का शुभारंभ किया था, लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से निधियों का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी निधि इसी तरह के भ्रष्ट सरकारी तंत्र के हाथों में होगी।

विशेष रूप से, मसौदा विधेयक का उद्देश्य प्रत्एक ग्रामीण परिवार को, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम के लिए पंजीकरण कराते हैं, प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करना है। नए प्रस्ताव के तहत, विधानसभाओं वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र-राज्य निधि-साझाकरण अनुपात 60:40 होगा। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालई राज्यों और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में यह अनुपात 90:10 होगा। एमजीएनआरईजीए के कार्य एक मजबूत राष्ट्रीय रणनीति के अभाव में कई श्रेणियों में बिखरे हुए थे। नया अधिनियम 4 प्रमुख प्रकार के कार्यों पर केंद्रित है, जो टिकाऊ परिसंपत्तियों को सुनिश्चित करते हैं और सीधे जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी अवसंरचना निर्माण और जलवायु अनुकूलन का समर्थन करते हैं। नया अधिनियम ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं तैयार की गई और पीएम गति-शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्थानिक प्रणालियों के साथ एकीकृत विस्तृत ग्राम पंचायत योजनाओं को अनिवार्य बनाता है।

अपने 20 वर्षों के अस्तित्व के दौरान, सीएजी द्वारा केवल दो लेखापरीक्षाएं 2007-08 और 2013 और 2016 में एक सामाजिक लेखा परीक्षा की गई। सीएजी ने 2013 की अपनी व्यापक रिपोर्ट में कार्यान्वयन एजेंसियों को अनियमितताओं, धन के दुरुपयोग और लक्ष्य प्राप्ति में विफलता के लिए दोषी ठहराया था। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ऐसी रिपोर्टें हैं जिनमें बताया गया है कि कैसे ग्राम पदाधिकारियों ने अधिकारियों के साथ मिलकर धन का दुरुपयोग किया। 2013 की सीएजी रिपोर्ट ने तत्कालीन यूपीए सरकार की कड़ी आलोचना की थी और कहा था कि पिछले दो वर्षों में प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार सृजन में काफी गिरावट आई है और पूर्ण किए गए कार्यों के अनुपात में भी ष्काफी कमीष आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश, जिनमें कुल मिलाकर 46 प्रतिशत ग्रामीण गरीब रहते हैं, ने केंद्रीय योजना निधि का केवल 20 प्रतिशत ही उपयोग किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि गरीबी स्तर और एमजीएनआरईजीए के कार्यान्वयन के बीच संबंध बहुत मजबूत नहीं था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि केंद्रीय स्तर पर निगरानी संतोषजनक नहीं थी।

2016 की रिपोर्ट में एमजीएनआरईजीए के तहत सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों के कामकाज की जांच की गई। रिपोर्ट में सामाजिक लेखापरीक्षा को प्राथमिक हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ समुदाय द्वारा किसी कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन और उसके परिणामों के सत्यापन के रूप में वर्णित किया गया है। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लेखापरीक्षा नियम, 2011 के तहत अनिवार्य है। ये नियम ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सीएजी के परामर्श से तैयार किए गए थे। नियमों में राज्य सरकार को स्वतंत्र संगठनों अर्थात् सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों एसएयू की पहचान और स्थापना, इन लेखापरीक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया और लेखापरीक्षाओं से संबंधित व्यक्तियों के दायित्वों को सुगम बनाने का प्रावधान है। इस रिपोर्ट में कई अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था, जिनमें यह भी शामिल है कि सात राज्यों में एसएयू स्थापित नहीं की गई थीं, जबकि आठ राज्यों में वे स्थापित तो थीं लेकिन कार्यरत नहीं थीं। रिपोर्ट में अन्य निष्कर्षों के साथ-साथ सामाजिक लेखापरीक्षा करने के लिए संसाधन व्यक्तियों की कमी का भी उल्लेख किया गया था। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए योजना में अंतर्निहित तंत्र - कदाचार के किसी भी मामले का पता लगाने के लिए गठित सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों-के बावजूद गबन किए गए धन की प्रभावी वसूली नहीं हो पाई है। पिछले कुछ वर्षों में एमएनआरईजीएस योजना को केंद्र सरकार से मिलने वाली धनराशि की कमी के चलते पश्चिम बंगाल जैसे कई विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र सरकार पर इस योजना के तहत धनराशि जारी न करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पर राज्यों का सबसे अधिक बकाया हैरू पश्चिम बंगाल का 2,770 करोड़ रूपए, उसके बाद राजस्थान का 979 करोड़ रूपए और बिहार का 669 करोड़ रूपए बकाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्रांतिकारी काकोरी के वीरों को नमन



योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों, प्रस्तावों और समझौतों का क्रम नहीं है बल्कि यह उन असंख्य क्रांतिकारियों की त्यागमई गाथा भी है, जिन्होंने मातृभूमि की आजादी के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। इन बलिदानों ने गुलामी की जड़ों को भीतर से हिलाया और जनता के मन में यह विश्वास जगाया कि अंग्रेजी हुकूमत अजेय नहीं है। ऐसी ही एक ऐतिहासिक और निर्णायक घटना है काकोरी कांड, जिसने न केवल ब्रिटिश सत्ता को गहरी चुनौती दी बल्कि भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का वह अध्याय है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि आजादी केवल याचिकाओं और प्रार्थनाओं से नहीं मिलेगी बल्कि उसके लिए साहस, संगठन और बलिदान की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारियों को केवल इतिहास के पात्र नहीं बल्कि क्रांति की नींव रखने वाले शूरवीर माना जाता है। उनकी शहादत की स्मृति में हर वर्ष 19 दिसम्बर को काकोरी शहीद दिवस मनाया जाता है, जो हमें स्वतंत्रता की कीमत और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी का बोध कराता है। बीसवीं सदी के प्रारंभिक दशकों में भारत का राजनीतिक परि.श्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन ने देश में जन-जागरण की लहर पैदा की थी। 1920 में शुरू हुआ यह आंदोलन ब्रिटिश शासन के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया था लेकिन फरवरी 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद गांधी जी द्वारा आंदोलन वापस लिए जाने से देश के एक बड़े वर्ग, विशेषकर युवा क्रांतिकारियों में गहरी निराशा फैल गई। वे मानते थे कि जब अंग्रेज दमन और हिंसा का सहारा ले रहे हैं, तब केवल अहिंसा के माध्यम से आजादी पाना कठिन है। यही वह ऐतिहासिक मोड़ था, जहां से संगठित क्रांतिकारी आंदोलन ने नई दिशा पकड़ी। निराश लेकिन .ढ़ निश्चई युवाओं ने यह ठान लिया कि वे किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। इसी सोच के परिणामस्वरूप 1923 में शचीन्द्रनाथ सान्याल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन द्धएचआरएऋ की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य केवल ब्रिटिश शासन का विरोध करना नहीं बल्कि एक ऐसे स्वतंत्र, गणराज्यात्मक भारत की स्थापना करना था, जहां शोषण और अन्याय का कोई स्थान न हो। एचआरएए के प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, योगेशचंद्र चटर्जी, शचीन्द्रनाथ बख्शी जैसे साहसी क्रांतिकारी शामिल थे। बाद में चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे तेजस्वी क्रांतिकारी भी इस विचारधारा से जुड़े। संगठन का स्पष्ट मत था कि क्रांति के लिए संसाधन चाहिए और संसाधनों के लिए धन, लेकिन चंदा मांगना न केवल संगठन की गोपनीयता को खतरे में डाल सकता था बल्कि अंग्रेजी खुफिया तंत्र को भी सतर्क कर सकता था।

ऐसे में निर्णय लिया गया कि ब्रिटिश सरकार के ही खजाने को निशाना बनाया जाए। इस विचार को कार्यरूप देने की जिम्मेदारी संगठन के सेनापति पं. राम प्रसाद बिस्मिल को सौंपी गई। प्रारंभिक प्रयासों में क्रांतिकारियों ने कुछ धन जुटाने की कोशिश की, लेकिन वह हथियारों और क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए पर्याप्त नहीं था। अंततः यह निर्णय लिया गया कि सीधे सरकारी खजाने पर हाथ डाला जाए। यह फैसला न केवल साहसिक था बल्कि अत्यंत जोखिम भरा भी, क्योंकि असफलता की स्थिति में इसका परिणाम मृत्यु या आजीवन कारावास हो सकता था। 8 अगस्त 1925 को बिस्मिल के घर एक गुप्त बैठक हुई, जिसमें ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूटने की विस्तृत योजना बनाई गई। अगले ही दिन 9 अगस्त 1925 को एचआरएए के दस क्रांतिकारी सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। इनमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र लाहिड़ी, शचीन्द्रनाथ बख्शी, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल, केशव चक्रवर्ती और मुकुंदी लाल शामिल थे।

लखनऊ के निकट काकोरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चेन खींचकर उसे रोका गया। योजना के अनुसार, राजेंद्र लाहिड़ी ने नेतृत्व संभाला और कुछ ही क्षणों में सरकारी खजाने को कब्जे में ले लिया गया। यह कार्रवाई इतनी सुनियोजित थी कि यात्रियों को अधिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि दुर्भाग्यवश एक आकस्मिक गोली चलने से एक यात्री की मृत्यु हो गई, जिसे बाद में ब्रिटिश सरकार ने पूरे मामले को और अधिक संगीन बनाने के लिए प्रमुख आधार बनाया। इस लूट में कुल 4601 रूपए प्राप्त हुए, जो उस समय एक बड़ी राशि थी। अगले ही दिन यह खबर अखबारों के माध्यम से पूरे देश और विदेश में फैल गई। लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स तक में इस घटना की चर्चा हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गोवा मुक्ति: भारत की स्वतंत्रता का अंतिम निर्णायक अध्याय




औपनिवेशिक दासता के अंतिम अवशेषों के अंत और राष्ट्रीय स्वाभिमान की निर्णायक विजय का प्रतीक 'गोवा मुक्ति दिवस' हर वर्ष 19 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन केवल एक भू-भाग की मुक्ति की तिथि नहीं है बल्कि उस संकल्प, साहस और राजनीतिक दृढ़ता का प्रमाण है, जिसके बल पर भारत ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि स्वतंत्रता अधूरी नहीं रह सकती और राष्ट्र की संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का औपनिवेशिक दावा स्वीकार्य नहीं है। 19 दिसंबर 1961 को गोवा, दमन और दीव को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराकर भारत ने लगभग 450 वर्षों की विदेशी सत्ता का अंत किया और इतिहास की धारा को निर्णायक मोड़ दिया।

गोवा का भारत से संबंध केवल भौगोलिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत रहा है। प्राचीन काल से यह भूमि भारतीय संस्कृति, धर्म और व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र रही थी लेकिन 1510 में पुर्तगालियों के आगमन के साथ ही गोवा विदेशी उपनिवेशवाद का शिकार बन गया। वास्को-डी-गामा के समुद्री मार्ग खोजने के बाद पुर्तगाली सेनापति अफोंसो डी अल्बुकर्क ने गोवा पर कब्जा कर इसे पुर्तगाल का प्रमुख उपनिवेश बना लिया और अगली चार सदियों से अधिक समय तक गोवा, दमन और दीव पुर्तगाली शासन के अधीन रहे, जहां धार्मिक दमन, सांस्कृतिक हस्तक्षेप और राजनीतिक शोषण की लंबी और पीड़ादायक कहानी लिखी गई। 1947 में जब भारत आजाद हुआ, तब यह उम्मीद स्वाभाविक थी कि गोवा भी स्वेच्छा से भारत में शामिल हो जाएगा लेकिन पुर्तगाल ने इसे अपनी 'विदेशी संपत्ति' मानने से इन्कार कर दिया और गोवा को पुर्तगाल का अभिन्न अंग घोषित करता रहा। यह स्थिति भारत के लिए केवल कूटनीतिक चुनौती नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान का प्रश्न बन चुकी थी। भारत ने प्रारंभ में शांतिपूर्ण और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से गोवा की मुक्ति का मार्ग तलाशा। संयुक्त राष्ट्र में भी इस मुद्दे को उठाया गया लेकिन पुर्तगाल अडिग रहा। गोवा के भीतर भी स्वतंत्रता आंदोलन धीरे-धीरे तेज हो रहा था। डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे नेताओं ने गोवा में सत्याग्रह को संगठित किया, स्थानीय लोगों ने गिरफ्तारी दी, यातनाएं सही और अपने प्राणों की आहुति दी। यह संघर्ष भले ही राष्ट्रीय स्तर पर उतना चर्चित न रहा हो लेकिन गोवा की मिट्टी में स्वतंत्रता की चिंगारी लगातार सुलगती रही। समय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल कूटनीति से समाधान संभव नहीं है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने यह निर्णय लिया कि गोवा को मुक्त कराना अब ऐतिहासिक अनिवार्यता है। दिसंबर 1961 में 'ऑपरेशन विजय' की योजना बनाई गई, जिसे अत्यंत गोपनीयता और सटीकता के साथ अंजाम दिया गया। यह अभियान थल, जल और वायु, तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभियान था, जिसने भारतीय सशस्त्र बलों की समन्वय क्षमता और रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। 18 दिसंबर 1961 की रात भारतीय सेना ने गोवा की सीमाओं पर मोर्चा संभाला। थल सेना ने उत्तर और पूर्व से गोवा में प्रवेश किया, नौसेना ने अरब सागर में पुर्तगाली जहाजों को निष्क्रिय किया और वायुसेना ने रणनीतिक ठिकानों पर दबाव बनाया। इस पूरे अभियान में भारतीय सेना ने अत्यंत संयम और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया। नागरिक क्षेत्रों को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए विशेष सावधानियां बरती गई। पुर्तगाली सेना, जो संख्या और संसाधनों में भारतीय सेना से बहुत पीछे थी, अधिक देर तक प्रतिरोध नहीं कर सकी। मात्र 36 घंटे के भीतर गोवा, दमन और दीव पर भारतीय ध्वज लहरा दिया गया। इस अभियान से जुड़े कई बहादुरी के किस्से इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं, जो भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा को उजागर करते हैं। नौसेना के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली और आईएनएस मैसूर ने पुर्तगाली जहाजों को घेरकर समुद्री मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित किया। वायुसेना के पायलटों ने बिना किसी अनावश्यक बमबारी के केवल रणनीतिक दबाव बनाकर पुर्तगाली प्रशासन को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। थल सेना के जवानों ने कठिन भू-भाग और सीमित समय में अपने लक्ष्य को सटीकता से प्राप्त किया। गोवा के तत्कालीन पुर्तगाली गवर्नर जनरल मैनुएल एंतोनियो वासालो ई सिल्वा ने 19 दिसंबर 1961 को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे सदियों पुराना उपनिवेशवाद शांतिपूर्वक समाप्त हुआ। गोवा की मुक्ति का महत्व केवल सैन्य विजय तक सीमित नहीं है। यह भारत की विदेश नीति में एक निर्णायक क्षण था, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपने भू-भाग और संप्रभुता के प्रश्न पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उस समय कुछ पश्चिमी देशों ने भारत की इस कार्रवाई की आलोचना भी की लेकिन समय ने सिद्ध कर दिया कि यह कदम न केवल न्यायसंगत था बल्कि ऐतिहासिक रूप से अपरिहार्य भी। गोवा की जनता ने भारतीय सेना का फूलों और आंसुओं के साथ स्वागत किया क्योंकि उनके लिए यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सम्मान और आत्मगौरव की पुनर्प्राप्ति थी। मुक्ति के बाद गोवा को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। यहां भारतीय संविधान लागू हुआ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना हुई और सामाजिक-आर्थिक विकास की नई यात्रा शुरू हुई। 30 मई 1987 को गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला और यह भारत का 25वां राज्य बना। दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश के रूप में रहे, जो बाद में दादरा और नगर हवेली के साथ विलय कर दिए गए। राज्य बनने के बाद गोवा ने पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढ़ांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की लेकिन साथ ही उसने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को भी संजोकर रखा। भारत के कई हिस्सों में आजादी की लड़ाई अलग-अलग समय और परिस्थितियों में लड़ी गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिंदू की मॉब लिंचिंग की यूनुस सरकार ने की निंदा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को देश के लोगों से हिंसक प्रदर्शनों से दूरी बनाने की अपील की है। हिंसक प्रदर्शनों में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर की गई हत्या के बाद अंतरिम सरकार ने बयान जारी किया है।

यूनुस सरकार ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से की जा रही हिंसा का सभी बांग्लादेशी नागरिक विरोध करें। उन्होंने हिंसा में मारे गए हिंदू शख्स की हत्या की भी निंदा की। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक बयान में कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, मयमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दास नामक एक हिंदू शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भीड़ ने हत्या करने के



**बयान में आगे कहा गया है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**

बाद उसके शव को आग लगा दी। मुख्य सलाहकार की मीडिया टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि इस नाजुक घड़ी में, हम प्रत्येक नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी का सम्मान करने का आह्वान करते हैं। हालांकि, शुक्रवार को दिन के दौरान हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन गुरुवार रात प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक पिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास की पहले से ही धवस्त इमारत में तोड़फोड़ की। इसके साथ ही ढाका में दो प्रमुख अखबारों के दफ्तरों पर हमला कर आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने चटगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर ईंट-पत्थर भी फेंके। पुलिस ने आंसू गैस के सहारे और लाठीचार्ज करके भीड़ को तितर-बितर किया और 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। बयान में कहा गया कि यह हमारे राष्ट्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम एक ऐतिहासिक लोकतांत्रिक परिवर्तन से गुजर रहे हैं। हम इसे उन कुछ लोगों की ओर से पटरी से उतरने नहीं दे सकते और न ही देना चाहिए जो अराजकता पर पनपते हैं और शांति को नकारते हैं।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के नागरिकों से की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के नागरिकों से अपील की है कि वे हर तरह की भीड़ हिंसा (माब वायलेंस) का विरोध करें। यह अपील राजधानी ढाका में जुलाई आंदोलन के एक प्रमुख नेता हादी की गोली लगने के बाद मौत के कुछ दिनों बाद की गई है। सरकार ने कहा है कि ऐसी हिंसा कुछ गिने-चुने अराजक तत्वों की करतूत है और नए बांग्लादेश में इसके लिए कोई जगह नहीं है। सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हम हिंसा, डराने-धमकाने, आगजनी और संपत्ति के नुकसान की हर घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। सरकार ने लोगों से अपील की कि वे नफरत, उकसावे और हिंसा को पूरी तरह नकारें और शांति का रास्ता अपनाएं।



**जयपुर। आगामी मकर संक्रांति त्योहार से पहले एक दुकानदार रंग-बिरंगी पतंगें सजाते हुए।**

## सिंगापुर से ढाका लाया गया उस्मान हादी का शव, छह दिन पहले मारी गई थी गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में जुलाई में हुए विद्रोह के एक प्रमुख नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी का शव सिंगापुर से ढाका लाया गया है। हादी को पिछले हफ्ते अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार सिर में गोली मार दी थी और छह दिनों के बाद बृहस्पतिवार देर रात सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान में 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज

**काबुल।** अफगानिस्तान में शुक्रवार को 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फार सीस्मोलाजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर रही, जिससे जमीन के तेज हिलने और आफ्टरशाक की आशंका बनी हुई है। एनसीएस ने बताया कि भूकंप 19 दिसम्बर 2025 को रात 12:14 बजे आया, जिसका केंद्र अफगानिस्तान में 36.76 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। विशेषज्ञों के मुताबिक उथले भूकंप ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि उनकी तरंगें सतह तक कम दूरी तय करती हैं और नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। इससे पहले 15 दिसम्बर को भी अफगानिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

### ताइवान को हथियार बेचेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने ताइवान को 11.1 अरब डालर मूल्य के हथियारों की बिक्री के एक विशाल पैकेज की घोषणा की है, जिसमें मध्यम दूरी की मिसाइलें, होवित्जर तोपें और ड्रोन शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। यह अमेरिकी कदम चीन को नाराज कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात इन हथियार सौदों की घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित संबोधन के दौरान की।

### नेपाल के पूर्व गृह मंत्री को जमानत

**काठमांडू।** नेपाल की एक हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और संगठित अपराध मामले में पूर्व गृह मंत्री रवि लामिछाने को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। लामिछाने, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष भी हैं। उन पर बुटवल स्थित सुप्रीम कोआपरेटिव्स के फंड के गबन का आरोप है। एक बयान कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश वासुदेव आचार्य व न्यायमूर्ति तेज नारायण पौडेल की बेंच ने बृहस्पतिवार को लामिछाने को 2.68 करोड़ की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# भारत के साथ सैन्य सहयोग व क्वाड पर जोर

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा नीति बिल पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 19 दिसम्बर को 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा नीति बिल पर हस्ताक्षर किए। इस बिल में भारत के साथ गहरा सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है, खासकर क्वाड के माधयम से, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र और खुले रूप में सुरक्षित किया जा सके और चीन की बढ़ती चुनौती का सामना किया जा सके।

बिल में यह भी कहा गया है कि विदेश सचिव को अमेरिका-भारत रणनीतिक सुरक्षा संवाद के तहत भारत सरकार के साथ परमाणु उत्तरदायित्व नियमों पर एक संयुक्त सलाहकार तंत्र स्थापित करना होगा। इस तंत्र के माधयम से दोनों देश नियमित रूप से मिलकर 2008 में हस्ताक्षरित शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा उपयोग समझौते के कार्यान्वयन का आकलन करेंगे और भारत में घरेलू परमाणु नियमों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के अवसरों पर चर्चा करेंगे। रक्षा विभाग और विदेश विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका के रक्षा गठबंधन और साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखें। इसके तहत भारत के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रबंधन में सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। क्वाड, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं, 2017 में चीन की आक्रामक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए स्थापित किया गया था। बिल में यह भी कहा गया है कि रक्षा सचिव और विदेश सचिव को मिलकर रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए रणनीति बनानी होगी, जिससे क्षमता, कार्यबल और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा बढ़ सके। ट्रम्प ने कहा कि यह बिल शक्ति के माधयम से शांति एजेंडा को साकार करने, घरेलू और विदेशी खतरे से सुरक्षा सुनिश्चित करने और रक्षा उद्योग को मजबूत बनाने में मदद करेगा, साथ ही गैरजरूरी और चरमपंथी कार्यक्रमों पर खर्च को रोकने में सहायक होगा। इस बिल के तहत अमेरिका के मित्र और साझेदार देशों (आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, न्यूजीलैंड सहित) को सुरक्षा पहल में शामिल करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा, संयुक्त रिपोर्ट को बिल के लागू होने के 180 दिन के भीतर और उसके बाद हर साल पांच वर्षों तक प्रस्तुत किया जाएगा। विधेयक में सहयोगी देशों से सलाह-मशविरा करके यूरोप और दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या को भी बनाए रखा जाएगा। मुख्य प्रावधानों में पेंटागन की खरीद प्रक्रियाओं में सुधार, गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का विकास, और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर वेनेजुएला के पास कथित ड्रग नावों पर अमेरिकी हमलों के बिना एडिट किए गए फुटेज कांग्रेस को देने का दबाव डालना शामिल है, जब तक वे ऐसा नहीं करते, तब तक उनके यात्रा बजट का एक चौथाई हिस्सा रोक दिया जाएगा। सदन की ओर से 312-112 वोटों से इसे पारित करने के एक हफ्ते बाद, बुधवार को सीनेट ने 77 के मुकाबले 20 वोटों से इस विधेयक को मंजूरी दे दी।



**सदन की ओर से 312-112 वोटों से इसे पारित करने के एक हफ्ते बाद बुधवार को सीनेट ने 77 के मुकाबले 20 वोटों से इस विधेयक को मंजूरी दे दी**

## अब 'प्राकृतिक नागरिकता' रद्द करेगी ट्रम्प सरकार

**हर माह 100-200 लोगों को देश से निकालने की तैयारी**

**वाशिंगटन।** अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई करने के साथ ही अब ट्रम्प सरकार ने प्राकृतिक नागरिकों की भी नागरिकता छीनने की तैयारी कर ली है। ट्रम्प सरकार के इस कदम से हजारों प्राकृतिक नागरिकों की नागरिकता जाने का खतरा बढ़ गया है। इसे लेकर लोगों में डर का माहौल है। खासकर एशियाई मूल के लोग इसे लेकर ज्यादा चिंतित हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नागरिकता और अप्रवासन सेवा विभाग के फील्ड अफसरों को एक आंतरिक निर्देश जारी किया गया है। इस निर्देश के तहत हर महीने 100-200 प्राकृतिक नागरिकता वाले लोगों की सिटीजनशिप रद्द करने का निर्देश दिया गया है। अमेरिका के संघीय कानून में प्राकृतिक नागरिकता छीनने का प्रावधान है। दरअसल अगर नागरिकता के लिए आवेदन करते समय या कुछ अन्य स्थितियों में धोखाधड़ी या कोई गड़बड़ी की गई है तो प्राकृतिक नागरिकता छीनी जा सकती है। माना जा रहा है कि ट्रम्प प्रशासन इन्हीं प्रावधानों का आधार बनाकर बड़े पैमाने पर लोगों की नागरिकता छीन सकता है। जिन लोगों से जाने-अनजाने अपने नागरिकता आवेदन में अगर कोई गलती हुई है तो वे लोग भी अब ट्रम्प प्रशासन के निशाने पर आ जाएंगे। इसे लेकर लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में प्राकृतिक नागरिकता का प्रावधान है। जो लोग अमेरिका में पैदा नहीं हुए हैं और एक तय कानूनी प्रक्रिया के तहत अमेरिकी नागरिक बने हैं, उन्हें प्राकृतिक नागरिक कहा जाता है।

# जुबीन गर्ग की मौत के मामले पर सिंगापुर पुलिस का दो टूक

**सिंगापुर।** असम के मशहूर दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर ने बड़ा बयान जारी किया है। सिंगापुर पुलिस ने कहा है कि गायक जुबीन गर्ग की मौत की जांच जारी है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं है। गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में हुई थी।

पुलिस ने बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) की ओर से सिंगापुर कोरोनर्स अधिनियम 2010 के तहत मामले की जांच अभी भी जारी है। बयान में कहा गया है कि हमारी अब तक की जांच के आधार पर पुलिस को गर्ग की मौत में किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं है। सिंगापुर पुलिस के बयान के मुताबिक जांच पूरी होने पर निष्कर्ष सिंगापुर के राज्य कोरोनर को सौंप दिए जाएंगे, जो एक कोरोनर जांच (सीआई) आयोजित करेंगे। यह जांच जनवरी और फरवरी 2026 के लिए निर्धारित है। एसपीएफ ने बताया कि सीआई एक तथ्य-खोज प्रक्रिया है जिसका नेतृत्व कोरोनर की ओर से मौत की वजह और हालातों का पता लगाने के लिए किया जाता है। इसके निष्कर्ष समाप्त होने पर सार्वजनिक किए जाएंगे। सिंगापुर पुलिस ने कहा कि वह इस मामले की पूरी और पेशेवर तरीके से जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसपीएफ ने कहा कि हम संबंधित पक्षों से धैर्य और समझदारी की अपील करते हैं। साथ ही हम जनता से आग्रह करते हैं कि वे अटकलें न लगाएं और अपुष्ट जानकारी न फैलाएं। गर्ग की मौत की जांच कर रही एक विशेष जांच टीम ने पिछले हफ्ते भारत की एक अदालत में दायर आरोपपत्र में गायक के सचिव सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव आयोजक यामकानू महंता सहित चार आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाया है। गर्ग को 20 सितम्बर को सनटेक सिंगापुर कन्वेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर में आयोजित होने वाले चौथे पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में प्रस्तुति देनी थी।



**कहा: मौत की जांच जारी, अभी तक किसी साजिश का शक नहीं**

# आईएस-के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम हुए गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने इस वर्ष इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आईएस-के) के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम को गिरफ्तार किया है।

संयुक्त राष्ट्र की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 16वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने कुछ हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारियों की है, जैसे कि इस मई में अजम की गिरफ्तारी हुई है। इस कारण क्षेत्र में आईएस-के की सक्रियता कम हो गई है। बता दे कि आईएस-के इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत का संक्षिप्त रूप है, जो मुख्य रूप से अफगानिस्तान, मध्य एशिया और दक्षिण एशिया में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है। सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस आफ पाकिस्तान और पीटीवी न्यूज ने बताया कि खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास एक अभियान के दौरान अजम को गिरफ्तार किया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया कि उनकी गिरफ्तारी के बाद, अल-अजैम फाउंडेशन जैसे आईएस-के के प्रचार तंत्र को भारी झटका लगा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, आतंकवाद विरोधी अभियानों के की वजह से आईएसके की क्षमता में कमी आई है। आईएसके के प्रमुख कमांडरों और विचारकों को निष्क्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही आईएसके लड़ाकों की संख्या में भी कमी आई है।

## उत्तरी वजीरिस्तान में सुरक्षा कैंप पर आतंकी हमला, जवाबी कार्रवाई में सभी पांच हमलावर ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने एक आत्मघाती बम हमले के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इस घटना के दौरान चार सुरक्षाकर्मी घायल हुए है। घटना अफगानिस्तान सीमा से सटे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरान शाह की दत्ता खेल तहसील में बोया किले के कैंप में हुई। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों में से एक, जो आत्मघाती हमलावर था, उसने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा कैंप में घुसा दिया और उसमें विस्फोट कर दिया।

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहा पाकिस्तान

## सिंधु जल संधि को लेकर फिर बौखलाया, उप पीएम इशाक डार ने दी युद्ध की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सिंधु जल संधि को लेकर फिर से बौखला गया है। इसी क्रम में एक बार फिर पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा है कि भारत लगातार सिंधु जल संधि को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है और हाल की गतिविधियां इस ऐतिहासिक समझौते की मूल भावना पर सीधा हमला हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शुक्रवार को इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत से चिनाब नदी के पानी के बहाव में अचानक आए बदलाव को लेकर आधिकारिक रूप से सफाई मांगी है। उन्होंने कहा कि यह मामला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील है, क्योंकि इसका सीधा असर देश की कृषि और आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। सिंधु जल संधि पर गीदड़भभकी देते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि सिर्फ दो देशों के बीच समझौता नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता की बुनियाद है। डार ने कहा कि अप्रैल महीने में भारत ने एकतरफा रूप से सिंधु जल संधि को 'अस्थाई रूप से निलंबित' करने का फैसला किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और समझौतों के खिलाफ है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के मुताबिक, अब जो हो रहा है वह सिर्फ निलंबन नहीं बल्कि संधि का गंभीर उल्लंघन है, जिसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

इस दौरान डार ने याद दिलाया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल था। इशाक डार ने आरोप लगाया कि भारत इंडस बेसिन के पानी के साथ हेरफेर कर रहा है, और वह भी ऐसे समय में जब पाकिस्तान में फसलों का अहम मौसम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान के किसानों की आजीविका और देश की खाद्य सुरक्षा को सीधा खतरा पैदा हो गया है।



**पाकिस्तान ने भारत से चिनाब नदी के पानी के बहाव में अचानक आए बदलाव को लेकर आधिकारिक रूप से सफाई मांगी है: डार**







# यूक्रेन के और भी इलाकों पर होगी रूसी सेना का कब्जा

## वार्षिक ऑनलाइन सत्र में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐलान

**रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना ने हाल के महीनों में यूक्रेन में धीमी लेकिन स्थिर प्रगति की है**

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि मास्को की सेना यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में आगे बढ़ रही है और उन्होंने भरोसा जताया कि क्रेमलिन के सैन्य लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। पुतिन ने एलान किया कि रूसी सेनाओं ने रणनीतिक पहल को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया है और वर्ष के आखिर तक और ज्यादा फायदा मिलेगा।

रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना ने हाल के महीनों में यूक्रेन में धीमी लेकिन स्थिर प्रगति की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को हर साल के आखिर में होने वाला वार्षिक ऑनलाइन सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान पुतिन ने जनता और मीडिया के सवालों के जवाब दिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'डायरेक्ट लाइन' प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि यूक्रेनी सेना डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के क्रास्नोआर्मेस्क के कुछ हिस्सों को फिर से हासिल करने की अप्रभावी कोशिश कर रही है, जिसमें उसे भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्लादिमीर पुतिन ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि रूसी सेना के भविष्य में क्रास्नी लिमान पर नियंत्रण करने और फिर स्लाव्यान्स्क की ओर आगे बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सेवेर्स्क शहर के दक्षिण में रूसी सेना दक्षिणी लिमान में सक्रिय और प्रभावी ढंग से अभियान चला रही हैं। सेना शहर में घुस चुकी हैं और वहां लड़ाई जारी है। मुझे भरोसा है कि क्रास्नी लिमान बहुत जल्द आजाद हो जाएगा। ऑनलाइन प्रश्नोत्तर सत्र भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे से आयोजित किया गया। पुतिन अपने राष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल के 22वें वर्ष में है और इस सत्र में रूस के नजरिये से साल 2025 के नतीजों का सारांश प्रस्तुत किया। क्रेमलिन की ओर से कहा गया है कि पुतिन उन विदेशी मीडिया से भी सवाल लेंगे जिन्हें मास्को 'दोस्त जैसा' नहीं मानता है। शुक्रवार को होने वाले ऑनलाइन सम्मेलन से पहले के दो हफ्तों में क्रेमलिन की ओर से खासतौर से स्थापित काल सेंटरों को राष्ट्रपति के लिए 24 लाख से अधिक प्रश्न प्राप्त हुए हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के अनुसार, अधिकांश प्रश्न सामाजिक मुद्दों और सब्सिडी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रश्नों को विषय के हिसाब से वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन पिछले कुछ दिनों से देर रात तक उनका अध्ययन कर रहे हैं। पिछले साल के सम्मेलन के दौरान उन्होंने चार घंटे से अधिक समय तक सवालों के जवाब दिए थे।

## खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जिला अदालत ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को अदालत में पेश न होने के कारण की गई। इस्लामाबाद की एक वरिष्ठ सिविल जज की अदालत में राज्य संस्थानों के खिलाफ कथित रूप से भ्रामक आरोप लगाने और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा मामला चल रहा है। सुनवाई के दौरान न तो मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी और न ही उनके वकील अदालत में उपस्थित हुए।